संसेक्स 81,748.57 ● निफ्टी 24,668.25 ● डॉलर 84.91 ₹ ●सोना 76,860 ₹● चांदी 1,00,000 ₹
पेज 06 बांग्लादेश में हिन्दू निशाने पर! कब...
पेज 08 सड़क हादसे में एक ही परिवार...
पेज 12

पारा आपडेट
मैक्सिमम 23.00
मिनीमम 10.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.05
सूर्योदय (कल) ▸ 06.22

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 17 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 164 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

संक्षिप्त खबरें

संभल के मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान कुएं से मिलीं तीन खंडित मूर्तियां

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुएं की करीब 20 फुट तक खुदाई की गयी। इस दौरान तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की हैं। जिला प्रशासन अब कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी में है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि शिव मंदिर के बगल में एक कुआं मिला है, जिसकी करीब 20 फुट तक खुदाई की जा चुकी है। खुदाई के दौरान कुएं में तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां- भगवान गणेश, कार्तिकेय और मां पार्वती की हैं। मूर्तियां मिलने के बाद प्रशासन ने खुदाई का काम रुकवा दिया है। संभावना है कि कुएं में और मूर्तियां हो सकती हैं।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के नायकों को सोमवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मैं विजय दिवस पर उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देती हूं, जिन्होंने 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारत को विजय दिलाई। कृतज्ञ राष्ट्र हमारे वीरों के सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद करता है। शहीदों की वीरता की गाथा हर भारतीय को प्रेरित करती हैं और वे राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी रहेंगी।' श्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'आज, विजय दिवस पर, हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया।' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने देश की रक्षा की। उन्होंने कहा, 'यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अडिग भावना को श्रद्धांजलि है, उनका बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंतर्निहित रहेगा।'

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अमर जवानों को दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर/रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जगदलपुर स्थित अमर बलिदान (शहीद) वाटिका पहुंचकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अमर जवान स्तम्भ में पुष्प चक्र अर्पित कर नक्सल अभियान के दौरान बलिदानी जवानों के बलिदान को नमन किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अमर वाटिका परिसर में बलिदानियों के नाम के शिला पट्ट का अवलोकन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

ड्रग्स की तस्करी में शामिल तीन तस्कर गिरफ्तार

नगांव (असम)। नगांव जिले के कसूवा पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ अभियान चलाकर भारी मात्रा में ड्रग्स समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान कसूवा तीनाली से तीन ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शराफत अली, सिराजुल हक और माफिजुल इस्लाम के रूप में की गई है।

लोकसभा में आज पेश होंगे 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े विधेयक

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश एक चुनाव से जुड़े दोनों विधेयक पेश करेंगे।

इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कल लोकसभा में कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्य एवं चर्चा के लिए सदस्य सदन में उपस्थित रहें।

पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा। इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू व कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके।

दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी। इसके बाद गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दो विधेयकों को संसद में पेश किए जाने की मंजूरी दे दी थी। इनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में है।

● भाजपा ने पार्टी के लोकसभा सदस्यों को जारी किया व्हिप

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में बनायी गयी थी एक समिति

उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और अपनी सिफारिशें की थीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।

भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा-ऊर्जा समेत कई समझौतों पर हुआ करार

भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। हाइड्रोग्राफी पर सहयोग पर भी सहमति बनी है।

उन्होंने कहा कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने श्रीलंका में निर्माण और सुलह के बारे में भी बात की। राष्ट्रपति दिसानायके ने उन्हें अपने समावेशी दृष्टिकोण के बारे में बताया। हमें उम्मीद है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के पूर्ण कार्यान्वयन और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायके को आश्वासन दिया है कि भारत कई मायनों में श्रीलंका के विकास के उनके प्रयासों में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमने अपनी साझेदारी के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका ने भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा संपर्क को अपनी साझेदारी का आधार बनाने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड संपर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। इस सहयोग से उच्च क्षमता वाले पावर ग्रिड इंटरकनेक्शन का निर्माण संभव होगा।

पीएम ने कहा- आपसी संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके तहत समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, साइबर सुरक्षा, तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाया जाएगा। भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच आपसी संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण और अनुदान प्रदान किया है। अगले पांच वर्षों में 1,500 श्रीलंकाई सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पादों का चयन हमेशा हमारे साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाता है।

रामेश्वरम और तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जाएगी

मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों से लोगों तक संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत में पाली भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनाई गई। उन्होंने कहा कि फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया है। हमने तय किया है कि नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई फेरी सेवाओं की सफल शुरूआत के बाद अब भारत में रामेश्वरम और तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जाएगी। श्रीलंका के बौद्ध सर्किट और रामायण ट्रेल के माध्यम से पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार करने के लिए भी काम किया जाएगा।

जेएसएससी कैंपस में आंदोलनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज

जेएलकेएम के छात्र नेता देवेंद्रनाथ हिरासत में

वरीय संवाददाता

रांची। झारखंड में एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षा विवादों के घेरे में आ गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के विरोध में आज नामकुम में अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन जारी है। जेएसएससी दफ्तर का घेराव करने पहुंचे देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया। इससे पहले पुलिस देवेंद्रनाथ महतो पर लाठियां बरसाती भी नजर आई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज भी शुरू कर दिया है। विरोध करने के आरोप में जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उन्हें सदाबहार चौक से हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस ने आंदोलनकारी छात्रों पर बल प्रयोग कर उन्हें भगा दिया। झारखंड सीजीएल के लिए नामकुम स्थित आयोग कार्यालय में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शुरू हो गया है।

लेकिन इस बीच कुछ अभ्यर्थियों ने आंदोलन शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर छात्रों को खदेड़ दिया। इस दौरान आंदोलनकारी छात्र आसपास की कॉलोनियों में छिपकर अपनी जान बचाने को मजबूर हो गए।

गौरतलब है कि जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो अपने समर्थकों के साथ आयोग के दफ्तर का घेराव करने पहुंचे थे।

महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर की सुरक्षा का मामला

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने समाज में महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर की सुरक्षा के लिए कानूनों पर अमल सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2025 में करने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट वुमन लॉयर्स एसोसिएशन की दायर याचिका में ऐसे अपराधों को रोकने के लिए 'केमिकल कैस्ट्रेशन' तक की सजा का प्रावधान किए जाने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि जिस तरह की सजा की मांग कर रही हैं, वो बर्बर हो सकती है। हम देखेंगे कि मौजूदा कानून में कहां खामी है लेकिन जहां तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट में महिलाओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार के लिए दिशा-निर्देश तय किए जाने की मांग है, ये अपने आप में अहम विषय है। इस पर सख्ती से अमल होना चाहिए।

आतंकी डल्ला के चार गुर्गे हथियार समेत धराये

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के साथ मिलकर आतंकी अर्श डल्ला के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गुर्गों के कब्जे से तीन अवैध हथियार और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में कनाडा के आतंकी अर्श डल्ला से जुड़े चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने हाल ही में अमेरिका के हैंडलर के निर्देश पर मोहाली में एक कार एक्सेसरीज शोरूम पर गोलीबारी की थी।

सीएम ने महाकाल के दरबार में की पूजा-अर्चना

संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की मंगल कामना की।

आत्मनिर्भर भारत > कोचीन शिपयार्ड में शुरू हुआ अगली पीढ़ी के पहले मिसाइल पोत का निर्माण

2027 से मिलेंगे अत्याधुनिक जहाज, मजबूत होगी नौसेना

एजेंसी

नई दिल्ली। नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत (एनजीएमवी) के पहले जहाज का निर्माण सोमवार से कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में शुरू हुआ। युद्धपोत उत्पादन अधीक्षक कमोडोर एस पार्थिबन की मौजूदगी में आज 'स्टील कटिंग' समारोह हुआ। रक्षा मंत्रालय ने छह एनजीएमवी निर्माण के लिए सीएसएल के साथ मार्च, 2023 में 9,805 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। भारतीय नौसेना में 2027 से इन जहाजों को शामिल करने की योजना है।

नौसेना के मुताबिक एनजीएमवी में अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगाए जाने की योजना है, जिससे भविष्य के लिए भारतीय नौसेना की लड़ाकू क्षमताओं में वृद्धि होगी। इन जहाजों का निर्माण हिंद महासागर क्षेत्र के जटिल समुद्री वातावरण में संचालन करने और आधुनिक नौसेना बनाने के लिए किया जा रहा है। इन जहाजों को सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली, वायु निगरानी और अग्नि नियंत्रण रडार सहित हथियारों और सेंसर से लैस किया जाना है। इन जहाजों में लगाए जाने वाले उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित किए गए हैं, जो भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप हैं।

मिसाइल पोत की विशेषताएं

अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत (एनजीएमवी) भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे सतह रोधी युद्धपोतों की एक श्रेणी है। इन जहाजों का मकसद दुश्मन के युद्धपोतों, व्यापारियों, और जमीनी लक्ष्यों पर हमला करना होगा। इनमें ब्रह्मोस जैसी एंटी-शिप या लैंड-अटैक मिसाइलें होंगी। इनमें कम रडार क्रॉस सेक्शन (आरसीएस) जैसी उन्नत स्टील्थ विशेषताएं होंगी। इनकी अधिकतम रफ़्तार 35 नॉटिकल मील प्रति घंटा होगी। इनमें लोइटरिंग म्यूनिशन, मानव रहित वाहन, और अन्य निर्देशित हथियार होंगे। इन जहाजों को शक्ति देने के लिए जनरल इलेक्ट्रिक के एलएम 2500 समुद्री गैस टरबाइन इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा। इन इंजन को बनाने का काम जीई एयरोस्पेस करेगा और इन्हें असेंबल और टेस्ट करने का काम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) करेगा।

2,118.57 करोड़ का मिला ऑर्डर

इसके बाद 15 सितंबर 2023 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की कि उन्हें एनजीएमवी परियोजना के लिए सेंसर और हथियार उपकरण सहित अत्याधुनिक तकनीक की आपूर्ति के लिए सीएसएल से 2,118.57 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। सीएसएल ने 29 मार्च 2024 को एनजीएमवी के लिए एलएम 2500 की छह इकाइयों के इन-हाउस निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 1,173 करोड़ रुपये का एक और सौदा किया। कोचीन शिपयार्ड के मुताबिक प्रत्येक जहाज लगभग 2,200-2,800 टन का होगा। नए जहाजों में 11 अधिकारी, 2 प्रशिक्षु अधिकारी और 80 नाविक होंगे। जहाजों में 360 डिग्री एंटी-मिसाइल डिफेंस के साथ रडार और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकली (ईओ) गाइडेड क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) भी होंगे।

छत्तीसगढ़ के बालोद में सड़क हादसा

छह की मौत, सात गंभीर

एजेंसी

रायपुर/बालोद। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आधीरात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सात लोग घायल हुए हैं। उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देररात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी8049) को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान दुर्पत प्रजापति (30) पिता पूना राम (30) ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), सुमित्रा बाई कुम्भकार (50) पति स्वर्गीय कार्तिक राम निवासी घोराड़ी महासमुंद, मनीषा कुम्भकार (35) पति विश्वनाथ ग्राम घोराड़ी महासमुंद, सगुन बाई कुंभकार (50) ग्राम कुम्हारपारा कवर्धा, ईमला बाई पति (55) रेवा राम सिन्हा ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) एवं जिग्नेश कुम्भकार (7) पिता प्रीतम कुम्भकार निवासी ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) के रूप में हुई है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

आदित्य पांडेय ने बीडीओ कांके के पद पर दिया योगदान

रांची। आदित्य पांडेय सहायक समाहर्ता ने सोमवार को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात श्री पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति का अवलोकन किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारी, कर्मियों से कहा कि सभी कार्यालय ससमय आए और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें।

राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर लगे सवालिया निशानः आइसा

PROGRESS
DEMOCRACY
ASSOCIATION

रांची। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों में व्याप्त गहरा असंतोष और आक्रोश राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंदोलन केवल परीक्षा परिणामों की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए नहीं, बल्कि बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता के खिलाफ युवाओं के व्यापक संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत के आसपास है। ऐसी स्थिति में सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताएं और पारदर्शिता की कमी युवाओं के विश्वास को तोड़ रही हैं। यह न केवल उनके भविष्य को खतरे में डाल रही है, बल्कि राज्य के विकास के लिए भी गंभीर चुनौती बन रही है। आइसा मांग करती हैं कि सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच तुरंत कराई जाए। छात्रों और युवा संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए स्थानीय उद्योगों और सार्वजनिक नौकरियों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही स्थानीय नीति बनाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव फिर से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। साथ ही कहा कि छात्रों और युवाओं का यह आंदोलन झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह के निधन पर जताया शोक

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा के आंदोलन के साथी, वरिष्ठ अधिवक्ता, झामुमो परिवार के स्तंभ और मेरे अभिभावक स्वरूप आदरणीय विजय सिंह के निधन की खबर से अत्यंत मर्माहत हूं। सोरेन ने कहा है कि सौम्य और सरल स्वाभव के धनी विजय ने झामुमो परिवार और दुमका की जनता की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें। इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है कि दुमका जिले के झामुमो नेता वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का आज सुबह निजी अस्पताल न्यू केयर कुम्हारपाड़ा में निधन हो गया।

मारवाड़ी सम्मेलन ने किया शोक व्यक्त

रांची। विश्व विख्यात सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के आकस्मिक निधन पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों मे- रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, कुमार जैन, कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, अनिल अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन पोद्दार, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, किशोर मंत्री,कमलेश संचेती, कमल जैन, निर्भय शंकर हारित, मनोज बजाज, संतोष अग्रवाल, अंजय सरावगी,रतन मोर, रमन वोडा, अमित चौधरी, सनी टिबडेवाल, विशाल पाड़िया, ने शोक व्यक्त किया।

झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का हुआ लोकार्पण

मौसम विभाग का कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदानः राज्यपाल

संवाददाता

रांची। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्षगांठ के मौके पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मौसम विभाग ने सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल के साथ स्वास्थ विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा, महानिदेशक आईएमडी मृत्युंजय महापात्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबूलाल, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राज्यपाल और विशिष्ट अतिथियों ने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आईएमडी का थीम सॉन्ग को लॉच किया गया।

राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं जैसे- वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है। क्योंकि, इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूवार्नुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है।

राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मौसम पूवार्नुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि झारखंड को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दशार्ता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है, जिसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है। साथ ही कहा कि इन प्रयासों के माध्यम से समय पर मौसम की जानकारी प्राप्त कर समाज को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अगले चरण में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। कोलकाता मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सोमनाथ दत्त और रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने झारखंड में मौसम सेवाओं और भविष्यवाणी पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के लिए मौसम और जलवायु सेवाओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान मौसम केंद्र की सेवाओं पर स्टेकहोल्डर्स ने फीडबैक दिया। कार्यक्रम में कृषि सिंचाई, विमानन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ ने अपनी राय रखी। इस दौरान आईएमडी के रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

डीएसओ ने की राशन डीलरों के साथ बैठक

ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी, नवंबर, दिसम्बर 2024 का राशन वितरण में सुधार लाने का दिया निर्देश

संवाददाता

रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के आदेश के बाद सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्रीमती मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज वार्ड 01 से 53 अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए कई दिशा निर्देश दिए।

इसमें झारखंड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी एवं नवंबर, दिसम्बर 2024 का राशन वितरण में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। झारखंड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत खाद्यान उठाव में और अधिक सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया। ई- केवाईसी कार्डधारी का आधार कार्ड से 3 दिनों के अंदर ऑनलाइन सिडिंग कराने का निर्देश, मोबाइल सिडिंग हर कार्डधारी का कराते हुए इसमें और सुधार लाने, चना दाल, नमक, चीनी, केरोसिन तेल वितरण कि समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वितरण कराने,

सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना कि समीक्षा करते हुए इसका वितरण जल्द से जल्द कराने, पीजीएमएस पोर्टल में आई शिकायतों का समाधान कराने का निर्देश दिया गया।

हेमंत है तो अपराधियों और हत्यारों को हिम्मत है : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि हेमंत है तो अपराधियों और हत्यारों को हिम्मत है। मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में जमीन कारोबारियों की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही हत्याओं से प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले पांच सालों में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से अपराधियों का हौसला बढ़ा है उससे रांची सहित पूरे झारखंड में खौफ का माहौल व्याप्त है। उन्होंने लिखा है कि पिछले पांच सालों में सिर्फ राजधानी रांची भर में करीब 50 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। गत रविवार को हुई मधु राय की निर्मम हत्या ने न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड को दहला कर रख दिया है। सरेआम गोलियों की बौछार और पुलिस की नाकामी ने साफ कर दिया है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है। उन्होंने लिखा है कि जमीन विवाद अब केवल सामान्य झगड़ा नहीं रहा, बल्कि लोगों की जान लेने वाला खूनी खेल बन गया है। सवाल उठता है कि आखिर कब तक झारखंड के लोग इस डर में जीते रहेंगे? कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल शासन और प्रशासन आखिर कब तक ऐसी घटनाओं पर अपनी आंखें मूंदे रहेगा? उन्होंने कहा है कि झारखंड में लोगों की हत्याएं एक बड़ी मानवीय चिंता बन चुकी है।

रांची नगर निगम की टीम पहुंची पारस अस्पताल मापी के लिये

अस्पताल प्रबंधन ने दो दिनों के अंदर सेल्फ असेसमेंट कर टैक्स भुगतान करने को कहा

संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम के नगर आयुक्त के निर्देश पर शहर के विभिन्न आवासीय भवनों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर आदि की जांच का अभियान लगातार चल रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम धुर्वा के पारस अस्पताल परिसर के होल्डिंग टैक्स तय और मापी करने के लिये पहुंची थी। मालूम हो की पूर्व में भी नगर निगम की ओर से अस्पताल का कर निर्धारण के लिये नोटिस निर्गत किया जा चुका था। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। निगम की ओर से अस्पताल के कर निर्धारण के लिये मापी का नोटिस भी दिया गया।

इसे लेकर निगम की टीम मापी के लिये अस्पताल परिसर पहुंची। जहां अस्पताल प्रबंधन ने दो दिनों के अंदर सेल्फ असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान करने की बात कही है। सहायक प्रशासक ने 18 दिसंबर तक भुगतान करने का निर्देश दिया है।

पुलिस छावनी में तब्दील हुआ जेएसएससी कार्यालय का इलाका

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू

संवाददाता

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए आयोग कार्यालय के आसपास के क्षेत्र को सोमवार को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थी एक-एक कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए जेएसएससी के चाय बागान नामकुम स्थित कार्यालय पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थियों का वेरिफिकेशन शुरू है।

छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आयोग कार्यालय के चारों ओर दो लेयर बैरिकेडिंग की गई है। कार्यालय तक जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों में भी बैरिकेडिंग की गई है। नामकुम चौक, खरसीदाग चौक और रामपुर चौक पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात हैं।

प्रवेश करने वाले एक-एक व्यक्ति से पूछताछ के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। पत्रकारों को भी कार्यालय के पास जाने नहीं दिया जा रहा है। सभी को कार्यालय से दूर रोका जा रहा है। विरोध-प्रदर्शन करने छात्र धीरे-धीरे पहुंच रहे हैं लेकिन छात्रों को पुलिस समझा-बुझाकर वापस जाने को कह रही है। नामकुम बाजार के पास 100 से अधिक छात्र पहुंचे हैं, उन्हें पुलिस समझा कर वापस जाने को कह रही है। जेएलकेएम के छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो भी नामकुम बाजार के समीप समर्थकों के साथ पहुंचे हैं। पुलिस उन्हें भी समझा रही है। वज्र वाहन और वाटर कैनन से लेकर 2500 जवान मौके पर तैनात किए गए हैं। आयोग ने प्रक्रिया जारी रखते हुए 2145 चयनित अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया है और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सुबह से ही चयनित अभ्यर्थी आयोग कार्यालय पहुंच रहे हैं।

जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी कर दी गयी है, जो 20 दिसंबर तक रहेगी। एसडीओ ने छात्रों से अपील की है कि किसी भी तरह के उग्र आंदोलन में हिस्सा न लें। किसी भी तरह की हिंसक और गैरकानूनी काम करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मंईयां सम्मान योजना में शामिल गलत जानकारी देकर पैसा लेने वाली महिलाओं से वापस लिए जाएंगे पैसे

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

संवाददाता

रांची। भारत सरकार देश के लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाती है। देश के करोड़ो लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलता है। सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी बहुत प्रयास करती रहती है। इसके लिए सरकार कई योजनाएं भी चलाती है। देश के अलग-अलग राज्यों की राज्य सरकारें भी महिलाओं के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई जाती हैं। झारखंड सरकार की ओर से महिलाओं के लिए मईयां सम्मान योजना चलाई जा रही है।

जिसमें महिलाओं को हर महीने हजार रुपये दिए जाते थे। लेकिन अब इस योजना में महिलाओं को मिलने वाली राशि में इजाफा कर दिया गया है। सरकार की ओर 2500 रुपये दिए जाएंगे। हाल ही में सरकार की ओर से यह ऐलान किया गया है कि इन महिलाओं से लाभ की राशि वापस ले ली जाएगी।

जानें किन महिलाओं से वापस लिए जाएंगे पैसे

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक लाभ देने के लिए इसी साल मईयां सम्मान योजना शुरू की है। जिसमें महिलाओं को अब हजार रुपये की 2500 रुपये दिए जाएंगे। सरकार की ओर से यह स्कीम जरूरत मंद और गरीब महिलाओं के लिए लाई गई है। लेकिन कई महिलाएं फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके फर्जी तरीके से लाभ ले रही हैं। सरकार अब इन महिलाओं से योजना में लिए गए लाभ की राशि को वापस ले सकती है। सरकार इन महिलाओं को चिन्हित करके इन महिलाओं से वसूली कर सकती हैं।

इतनी महिलाओं को मिल रहा है लाभ

झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत प्रदेश की 57 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है। प्रदेश की 21 साल से लेकर 49 साल तक की महिलाओं को इस योजना में लाभ मिलता है। योजना में महिलाओं के परिवार को अंत्योदय श्रेणी में शामिल होना जरूरी है।

ऐसे कर सकते हैं आवेदन?

योजना में आवेदन करने के लिए महिलाएं को अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर फार्म भरना होगा।

इस फार्म के लिए कोई फीस नहीं ली जाएगी। फार्म में पूरी जानकारी भरने के बाद आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो जैसे दस्तावेजों को फार्म अटैच करके फॉर्म को आंगनवाड़ी में जमा कर देना होता।

रांची में कड़ाके की ठंड, कनकनी से लोग हल्कान, 20-21 को बारिश की संभावना

संवाददाता

रांची। झारखंड में शीतलहर की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। ठंड की वजह से रूम हीटर की बिक्री बढ़ गयी है जबकि गरीब लोग जलावन के सहारे ठंड काट रहे हैं। लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से ठंड का प्रकोप बढ़ा है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे।

संक्षिप्त खबरें

इलाजरत सीसीएल कर्मी गुलाब ठाकुर का वेदांता में निधन

बेरमो/ बोकारो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अमलो निवासी सह ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम परियोजना में कार्यरत हॉलपेक ऑपरेटर सह समाजसेवी 53 वर्षीय गुलाब ठाकुर का वेदांता हॉस्पिटल में सोमवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे अपनी माता, पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोडकर गये हैं। श्री ठाकुर को कुछ दिन पूर्व पेट में दर्द की शिकायत पर प्राथमिक इलाज सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल में होने के बाद बोकारो मुस्कान एवं वेदांता हॉस्पिटल रांची रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु पर महेंद्र विश्वकर्मा, कैलाश ठाकुर, रीता देवी, अशोक अग्रवाल, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, महेंद्र राम, जगनारायण महतो आदि ने शोक व्यक्त किया है।

कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में मनाया गया विजय दिवस

बेरमो/ बोकारो। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में सोमवार को विजय दिवस मनाया गया। यहां सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं वंदना कर देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। यहां मुख्य अतिथि 1965 के युद्ध में शामिल पूर्व सैनिक शिवनाथ मिश्र ने जवानों की वीरता, कुबार्नी व अदम्य साहस की कहानी सुनाया। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय ने कहा कि 16 दिसंबर का दिन सैनिकों के शौर्य को सलाम करने का दिन माना जाता है। देश में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने कहा कि इसी दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान के दांत खट्टे किये थे। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासी के मन को उमंग से भर देती है। विजय दिवस वीरता और शौर्य का मिसाल है। कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों ने बड़े पैमाने पर कुर्बानियां दी थी। हजारों भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गये थे। जबकि कई जवान घायल भी हो गये थे। 16 दिसंबर का दिन देश के जवानों की वीरता, शौर्य, अदम्य साहस और कुबार्नी की कहानी को बयां करती है। शिक्षक हृषिकेश तिवारी एवं संजू ठाकुर ने विजय दिवस पर छात्र-छात्राओं को सैनिकों की वीरगाथा सुनाया तथा देश के लिए सैनिकों के शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण कविता, भाषण एवं नृत्य किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिका व विद्यार्थी मौजूद थे।

डीपीएस चास के छात्र विजय कुमार महतो ने वीवीएम 2024-25 में तीसरा स्थान प्राप्त किया

बोकारो। डीपीएस चास के छात्र विजय कुमार महतो ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) 2024-25 की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जिससे उन्होंने अपनी असाधारण वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आगामी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। विजय की इस सफलता से विद्यालय का नाम गर्व से रोशन हुआ है। इस प्रतियोगिता में विजय ने न केवल विज्ञान के प्रति अपनी रुचि को साबित किया, बल्कि अपनी मेहनत और समर्पण से दूसरों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है। इस सफलता के लिए विजय कुमार महतो को 2000 रुपये का नकद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, पदक और ट्रॉफी प्रदान की गई। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने विजय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। विद्यालय की निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी ने भी विजय को बधाई दी और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में वैज्ञानिक आदतों को विकसित करने में मदद करती हैं, जो भविष्य में उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होती हैं।डीपीएस चास के शिक्षकगण और विद्यार्थी भी विजय की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्होंने उसे प्रेरित किया कि वह अपने अगले लक्ष्य की ओर बढ़े और राष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन करें।

बेरमो थाना को किया जायेगा आदर्श थाना के रूप में विकसित : विधायक

संवाददाता

बेरमो/ बोकारो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने सोमवार को बेरमो थाना परिसर का निरीक्षण किया। विधायक श्री सिंह ने बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह व थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह से थाना में पदस्थापित एसआई, एएसआई व सिपाहियों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायक श्री सिंह ने कहा कि बेरमो विधानसभा सभा क्षेत्र में बेरमो थाना को आदर्श थाना के रूप में विकसित किया जायेगा। थाना को सभी सुविधाओं से लैस किया जायेगा। थाना के पुराने भवन को तोड़कर नये भवन में थाना को शिफ्ट कराया जायेगा। उक्त भवन में मरम्मती का कार्य कराया जायेगा। साथ हीं थाना में पदस्थापित पुलिस को रहने के लिए आवास का निर्माण कराया जायेगा। थाना परिसर के चारदीवारी को बड़ा कराया जायेगा। ताकि थाना में जब्त वाहनों को परिसर में रखा जाय। विधायक ने श्री सिंह ने कहा कि थाना जीर्णोद्धार करने में जो भी पैसा लगेगा उसे पुलिस फंड से लिया जायेगा।

अगर पैसा की कमी होगी तो डीएमएफटी से भी फंड लिया जायेगा। कहा कि बेरमो थाना क्षेत्र में लगाये हुए सीसीटीवी कैमरा को दस दिनों के अंदर दुरुस्त कराया जायेगा।

विधायक से मिले पुलिस ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारी

पुलिस ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के आवासीय कार्यालय ढोरी में मिलकर बेरमो थाना, गांधीनगर ओपी थाना और बोकारो झरिया ओपी थाना का जीर्णोद्धार करने की मांग की। साथ ही पुलिस को राशन व वर्दी भत्ता भी सरकार से दिलाने की मांग की। विधायक श्री सिंह ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राशन व वर्दी भत्ता के लिए भी सरकार से बात कर दिलाया जायेगा। कहा कि गांधीनगर व बोकारो झरिया ओपी थाना का भी निरीक्षण कर जीर्णोद्धार कराया जायेगा। इस मौके पर बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी मुख्यालय अनिमेश गुप्ता, बेरमो थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील उरांव, सचिव अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष भीमसेन प्रसाद, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दास, नौशाद अली आदि मौजूद थे।

भाजपा के सदस्यता अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

बोकारो। भाजपा जिला कार्यालय, सेक्टर-1 सी में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024-2030 के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने की।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सदस्यता अभियान को सफलता से चलाने की अपील की और साथ ही लोगों से 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह, विनय सिंह, सदस्यता अभियान के संयोजक संजय सिन्हा, सह-संयोजक मुकेश राय, और कई अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान जिला के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने सदस्यता अभियान को गति देने के लिए अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार ने किया और सदस्यता अभियान की सफलता के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन में डीपीएस बोकारो के आरूष रंजन को झारखंड में पहला स्थान

संवाददाता

बोकारो। विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में डीपीएस बोकारो के 10वीं के छात्र आरूष रंजन ने पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है। आरुष ने कक्षा 10 के समूह में राज्य में पहली रैंक पाते हुए आगामी मई, 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। विदित हो कि बीते 23 अक्टूबर और 27 अक्टूबर को ऑनलाइन मोड में वीवीएम 2024-25 की परीक्षा हुई थी, जिसमें डीपीएस बोकारो के नौ विद्यार्थी राज्य स्तर पर चयनित किए गए थे। इसके बाद 15 दिसंबर को सीएसआईआर, सीआईएमएफआर, धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय शिविर में प्रैक्टिकल और लिखित परीक्षा के बाद पूरे झारखंड से आरूष रंजन ने 10वीं कक्षा के ग्रुप में रैंक 1 लाकर मेधावितापूर्ण अपनी कामयाबी का परचम लहराया।

धनबाद में आयोजित उक्त परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों से कक्षा 6 से 11वीं के कुल 131 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें से 12 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता के सबसे अंतिम चरण राष्ट्र स्तरीय शिविर के लिए चयनित किए गए। इनमें आरूष रंजन पहले स्थान पर रहा। इसके लिए उसे 5000 रुपए की पारितोषिक राशि, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा तथा सीएसआईआर-एसआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविन्द कुमार मिश्रा ने आरूष को पुरस्कृत किया।

देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है वीवीएम

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और एनसीईआरटी की ओर से आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन विज्ञान की सबसे बड़ी प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए योगदान से अवगत कराना है। यह परीक्षा तीन स्तरों पर आयोजित की जाती है। प्रथम स्तर पर इसका आयोजन स्कूल एवं कॉलेज में ऑनलाइन माध्यम से होता है। उसमें विजयी प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय चरण की प्रतियोगिता होती है। इसमें कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिभागियों को रसायन विज्ञान, भौतिकी-शास्त्र, जीव विज्ञान एवं गणित विषय की प्रायोगिक तथा लिखित परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है।

बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा निखारने को विद्यालय कटिबद्ध

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने आरूष की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा के विकास को लेकर कटिबद्ध है। गौरतलब है कि आरूष रंजन ने हाल ही में रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) के लिए भी क्वालीफाई किया है।

1971 के युद्ध के स्वर्णिम विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों का सम्मान

संवाददाता

बोकारो। 1971 के युद्ध के स्वर्णिम विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बोकारो इकाई द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ उन्हें सम्मानित भी किया गया। यह कार्यक्रम बोकारो के सिटी पार्क स्थित शहीद उद्यान में आयोजित हुआ, जहां वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र, नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, महाप्रबंधक ए. के. सिंह, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा, और अन्य प्रमुख अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान, 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले बिहारी सिंह, एस. के. सिंह और बृंदा सिंह को संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। इन वीरों ने अपने युद्ध काल के अनुभवों को साझा किया और उपस्थित लोगों को युद्ध के कठिन समय और सैनिकों की वीरता के बारे में बताया। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार ने इन वीर सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों की बदौलत ही हम सभी आज अपने घरों में सुरक्षित हैं और हमारे त्यौहारों का आनंद उठा पा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी सैनिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 'भारत माता की जय' और 'बंदे मातरम' जैसे नारों से वातावरण को गरिमामय बनाया गया। समारोह के अंत में सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया और तिरंगे के साथ देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया। यह कार्यक्रम न केवल वीर सैनिकों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर था, बल्कि सभी उपस्थित लोगों में देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान का संचार करने का एक सशक्त मंच भी बना।

गोमिया में आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

संवाददाता

बोकारो। सोमवार को गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में जिला समाज कल्याण शाखा बोकारो और बाल विकास परियोजना गोमिया द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े और सीओ आफताब आलम ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण और शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, ताकि वे आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को उचित पोषण देने के साथ-साथ शिक्षा भी प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर ध्यान देने के उपायों के बारे में बताया गया।

इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना गोमिया की सुपरवाईजर सह-प्रशिक्षक नीतू सिंह, रीता कुमारी और कंचन कुमारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कई आंगनबाड़ी सेविकाएं जैसे अलमा एक्का, प्रेयसी देवी, सुनीता टुडू, सीमा देवी, और अन्य उपस्थित थीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के पोषण और शिक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

बोकारो में साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी का आयोजन

संवाददाता

बोकारो। मैथिली रचनाकारों की प्रमुख साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक के सेक्टर 8 स्थित आवास पर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध कवयित्री शैलजा झा ने की, और साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा ने इसका सफलतापूर्वक संचालन किया।

इस रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं, संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ सिनेमा जैसे विविध विषयों पर विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी की शुरूआत शैलजा झा द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विभिन्न साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। राजेन्द्र कुमार ने अपनी रचना उद्गार, जबकि अमन कुमार झा ने अपनी कहानी निष्ठा का पाठ किया। नीलम झा ने ₹पिताक नाम चिट्ठी₹ और ₹भगवती वंदना₹ प्रस्तुत की। इसके अलावा अरुण पाठक ने भारतीय सिनेमा के महान फिल्मकार राज कपूर की 100वीं जयंती पर एक विशेष रचना प्रस्तुत करते हुए उनके योगदान को रेखांकित किया और उनके द्वारा फिल्माए गए प्रसिद्ध गीत मेरा नाम राजू घराना अनाम को गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस रचनागोष्ठी में विजय शंकर मल्लिक ने अपनी कविता ₹रचब थिक काज हमर नहि₹ सुनाई, जो बिहार में चल रहे जमीन सर्वेक्षण के दौरान आम लोगों की परेशानियों को उजागर करती है। वहीं, डॉ. राम नारायण सिंह ने भोजपुरी और हिंदी कविताओं के माध्यम से समाज की समस्याओं पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। बुद्धिनाथ झा ने ₹मैथिली महाकाव्य₹ से कर्ण पर्व का पाठ किया, जिसे सभी ने सराहा। शैलजा झा ने अपनी अध्यक्षीय कविता ₹पाग₹ में मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा और पाग की महत्ता को बेहद सटीक तरीके से उजागर किया। गोष्ठी में पाठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी भी की गई, जिसमें बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक, राजेन्द्र कुमार, शैलजा झा और शंभु झा ने अपने विचार रखे।

झामुमो उलगुलान नेता ने की छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा

संवाददाता

बेरमो/ बोकारो। जेएसएससी एवं सीजीएल का रिजल्ट देने के विरोध में सोमवार को विरोध प्रदर्शन करने गए छात्रों पर झारखंड पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने और छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो की गिरफ्तारी का झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने घोर निंदा की है। कहा कि हेमंत सरकार अविलंब बाइज्जत देवेंद्रनाथ महतो को रिहा करे अन्यथा पूरे झारखंड में आंदोलन होगा। श्री महतो ने कहा कि आंदोलनकारी विरोधी हेमंत सोरेन सरकार से और उम्मीद ही क्या की जा सकती है ? कहा कि मुख्यमंत्री खुद झारखंड अलग राज्य आंदोलन में नहीं रहे हैं। उन्हें विरासत में सत्ता मिला, आंदोलन से वास्ता नहीं रहा।

इसलिए हेमंत सरकार में कई बार आंदोलनकारियों पर लाठी बरसाए गए। ताकि कोई आंदोलन नहीं करे और सरकार मनमानी करे। ऐसी तानाशाही नहीं चलेगी। हमलोगों ने आंदोलन किए, आर्थिक नाकेबंदी किए, जेल गए। अनेकों आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब लड़कर अलग राज्य किया और हेमंत सोरेन सत्ता का मजा ले रहे हैं।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

संक्षिप्त खबरें

सात दिवसीय योग शिविर का भव्य शुभारंभ

गिरिडीह। रोटरी गिरिडीह द्वारा रोटरी नेत्र चिकित्सालय में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 6:30 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस योग शिविर में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह द्वारा प्रतिभागियों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर के पहले दिन रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, शिविर संयोजक देवेंद्र सिंह, गुणवंत सिंह मोंगिया, नरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, अमित गुप्ता, जगजीत कौर, त्रिलोचन कौर सहित कई अन्य सदस्यों ने भाग लिया। शिविर आयोजकों ने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया।

गिरिडीह प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, 60 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

गिरिडीह। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार गिरिडीह प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ब्लड बैंक के कर्मियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। प्रखंड कार्यालय में आयोजित इस रक्तदान शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत प्रखंड के अन्य अधिकारी व कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में कुल 60 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया, जिसे रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों के इलाज में उपयोग किया जाएगा। शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उन्हें भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से रक्तदान करने की अपील की और कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। यह एक नेक कार्य है, जो किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में मदद कर सकता है। सभी को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान से ना केवल जरूरतमंद मरीजों की मदद होती है, बल्कि इससे समाज में जागरूकता भी फैलती है। शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले अधिकारियों और कर्मियों ने अपनी सराहनीय भागीदारी से इस अभियान को सफल बनाया।

कल्याणपुर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

लावालौंग। लावालौंग प्रखंड के कल्याणपुर में सोमवार को एक नए धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन हेडुम पंचायत के मुखिया संतोष राम और पंचायत समिति सदस्य प्रदीप तुरी द्वारा नारियल तोड़कर और फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मुखिया संतोष राम ने कहा कि इस धान अधिप्राप्ति केंद्र से लावालौंग प्रखंड के किसानों को बहुत बड़ी राहत मिली है। अब वे बिना इधर-उधर भटके अपने धान को सरकारी दर पर बेच सकते हैं। इस धान अधिप्राप्ति केंद्र के जरिए किसानों को एक जगह पर अपनी फसल बेचने की सुविधा मिलेगी। पैक्स अध्यक्ष धर्मदेव हज्जाम ने किसानों को बताया कि केंद्र पर 2400 रुपये प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदी जाएगी। यह कदम किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि अब उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए दूर-दराज तक नहीं जाना पड़ेगा। इस उद्घाटन के मौके पर दर्जनों किसान और ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

जिला सहकारी विकास समिति और संयुक्त कार्यकारणी समिति की समीक्षात्मक बैठक में अहम निर्णय

संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित एसी कार्यालय में सोमवार को जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) और संयुक्त कार्यकारणी समिति (जे डब्ल्यू सी) की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसी ने की। इस बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो ने बैठक के दौरान जिले की सहकारी समितियों की स्थिति पर जानकारी दी और बताया कि अब तक नेशनल कॉपरेटिव डाटाबेस में 302 समितियों की प्रविष्टि की जा चुकी है। एसी ने निर्देश दिया कि इस डाटा को नियमित रूप से अद्यतन किया जाए ताकि सभी समितियों की स्थिति सही तरह से रिकॉर्ड में बनी रहे। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया कि गोदाम विहीन पैक्सों के लिए गोदाम निर्माण के प्रस्ताव प्राप्त कर भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समाहरणालय से पत्र निर्गत किए जाएं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि जिले में जहां दुधारू पशुओं का वितरण किया गया है और झारखंड मिल्क फेडरेशन का मिल्क पुलिंग प्वाइंट है, वहां दुग्ध सहकारी समितियों का पंजीकरण कराना अनिवार्य है। साथ ही, एसी ने उन पंचायतों और जलाशयों में मत्स्य सहकारी समितियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स योजना के तहत 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त पैक्सों को शत प्रतिशत उर्वरक लाइसेंस प्रदान कर प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर गठित समितियों को जिला की समितियों के सदस्य बनाने की दिशा में भी विचार किया गया, ताकि चतरा जिले के सहकारी समितियां भी इसका लाभ उठा सकें। इस बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो लोगों की मौत, एक घायल

संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेयमहुआ के समीप रविवार रात एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात के अंधेरे में हुआ, और दुर्घटना के बाद कार का चालक फरार हो गया। सहायक पुलिस अवर निरीक्षक उपेंद्र नारायण सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतकों की पहचान सिमरिया के बगरा निवासी महेंद्र प्रसाद केसरी के पुत्र राजा राम केसरी 38 वर्ष और लावालौंग के प्रताप सिंह भोक्ता के पुत्र रोहित गंझू 27 वर्ष के रूप में की गई। यह बताया गया कि मृतकों के साथ कार में दो अन्य व्यक्ति भी इटखोरी की ओर जा रहे थे। दुर्घटना के समय कार अनियंत्रित होकर एक आम के पेड़ से जा टकराई, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद चालक ने मौके से फरार होने की कोशिश की, लेकिन पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

जोरी के जोलडीहा में डोडा एवं अफीम की खेती नष्ट करने की कार्रवाई

संवाददाता

हंण्टरगंज/ चतरा। चतरा जिले में अवैध डोडा और अफीम की खेती को नष्ट करने का अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में जोरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस और वन विभाग की टीम ने आज जोरी पंचायत के ग्राम गोबे में करीब 8 एकड़ वन और गैर मजरूआ भूमि पर लगी डोडा अफीम की खेती को नष्ट किया। प्रभात कुमार ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर डोडा की खेती को नष्ट किया और बताया कि यह अभियान चतरा एसपी विकास कुमार पांडे के निर्देश पर चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित डोडा अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को यह सलाह दी जा रही है कि वे डोडा की खेती की जगह अन्य फसलें उगाएं, ताकि समाज में इस अवैध व्यापार से जुड़े दुष्परिणामों को रोका जा सके। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए थाना प्रभारी ने महिलाओं और बच्चों को भी इस खेती के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी और उन्हें चॉकलेट-बिस्कुट देकर पुलिस के प्रति विश्वास बनाने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि लोग अपनी फसलों का सही तरीके से विकास करें और इस अवैध व्यापार से जुड़ी हर गतिविधि को खत्म किया जा सके।

एमएस ट्रेडर्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन

पत्थलगड़ा(चतरा)। सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गुजरी गेट के समीप एम/एस ट्रेडर्स नमक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान का प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिन्द्र साहू, अंचला अधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर उद्घाटन किया। विक्रेता मोहम्मद सिराजुल ने बताया कि मोंगिया व सलूजा कंपनी का छड़, डालमिया, एसपी, लाफार्ज कंक्रीटो, एसीसी सीमेंट उचित दर पर हमारे प्रतिष्ठान में उपलब्ध रहेगी। मौके पर खुशबू प्रवीण, ललिता देवी, लेखराज साव, पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, पत्रकार सुनिल कुमार दांगी, श्रीकांत राणा, मृत्युंजय कुमार, अनुज कुमार, भाजपा नेता दिनेश्वर राम, तारकेश्वर दांगी आदि उपस्थित थे।

टू इंडियन ने गिद्धौर को 118 रनों से हराया, मैच में शानदार प्रदर्शन

संवाददाता

गिद्धौर/चतरा। जिले के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट लीग के तहत खेले गए एक रोमांचक मैच में टू इंडियन ने गिद्धौर को 118 रनों से हराया। टू इंडियन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 259 रन का मजबूत लक्ष्य दिया। टीम के लिए प्रशांत कुमार ने 70 रन और राहुल वर्धन ने 60 रन की शानदार पारी खेली, जो मैच में निर्णायक साबित हुई।

गिद्धौर की टीम जवाबी पारी में उतरी, लेकिन उनकी बल्लेबाजी नहीं चली। गिद्धौर की टीम 25 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 142 रन ही बना सकी। इस तरह टू इंडियन ने गिद्धौर को 118 रनों से हराकर मैच जीत लिया। मैच के बाद आयोजित समारोह में प्रशांत कुमार को मैच ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा, एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय और अंपायर रिशु कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

आदिम जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन

संवाददाता

लावालौंग। लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के कोलकोले पंचायत में सोमवार को आदिम जनजाति के परिवारों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया और लावालौंग मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, पंचायत सचिव विनय कुमार, रोजगार सेवक विवेक सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान पंचायत के आदिम जनजाति परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से एक विस्तृत सर्वेक्षण किया गया। शिविर में भाग लेने के लिए कई आदिम जनजाति परिवारों के लोग पहुंचे, जिनमें से कई सरकारी योजनाओं से वंचित थे। इस अवसर पर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया, जैसे आधार कार्ड, जॉब कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, आदि। इसके साथ ही सोना सावरेन योजना के तहत धोती, साड़ी, चावल और दाल भी वितरित की गई।

शिविर में स्कूली बच्चों के बीच कॉपी, किताब और बैग भी वितरित किए गए। इस आयोजन से आदिम जनजाति के परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी जिंदगी में कुछ सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है।

केंद्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट पर बैठक

संवाददाता

चतरा। चतरा समाहरणालय में डीसी रमेश घोलप की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट (आरएडी) योजना पर विस्तृत बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी चतरा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरएडी योजनांतर्गत किए जाने वाले कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर 21 मार्च 2024 को आयोजित बैठक में चतरा जिले के दो प्रमुख क्षेत्रों झ चतरा और हंटरगंज झ को योजना के क्रियान्वयन के लिए चुना गया है, जिसमें कुल 375 हेक्टेयर भूमि पर काम किया जाएगा। बैठक में कृषि निदेशालय के दिशा-निर्देशों के तहत समेकित कृषि प्रणाली, पशुपालन, उद्यानिकी, और सिंचाई की योजनाओं को एक साथ मिलाकर प्रभावी विकास मॉडल तैयार करने की बात की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि क्षेत्र के विकास को गति मिल सके।

डीसी की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के केंद्रों का चयन

संवाददाता

चतरा। चतरा समाहरणालय में डीसी रमेश घोलप की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों और मूल्यांकन केंद्रों के चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विधायक जनार्दन पासवान और सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि आगामी मैट्रिक परीक्षा में कुल 19071 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे, जिसके लिए 48 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा में 13144 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे और इसके लिए 29 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए परीक्षा केंद्रों के प्रभावी संचालन और समुचित मूल्यांकन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसआई की बेटी का आईटीबीपी में चयन, पूरे गांव में हर्ष का माहौल

हंण्टरगंज। प्रखंड क्षेत्र के गेजना पंचायत के सोनपुरबीघा गांव की बेटी कुमारी पम्मी पासवान का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बटालियन में चयन हुआ है, जिससे पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। पम्मी के पिता, झारखंड पुलिस एसआई रामकृत पासवान, और उनके परिवार ने इस सफलता पर गर्व महसूस किया। रिजल्ट के बाद, पूरे गांव में बधाई देने वालों का तांता लग गया और गांववासियों ने बैंड बाजे के साथ उसका स्वागत किया। पम्मी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरु और परिवार के सदस्यों को दिया। उनके चाचा दिलीप पासवान (भा.ज.पा. नेता), दादा गौरीशंकर पासवान और अन्य परिवारजन भी इस खुशी में शामिल हुए।

खबर का हुआ असर, सर्वे सड़क निर्माण कार्य हुआ शुरू

संवाददाता



गिरिडीह। सर्वे सड़क महुंडरा बागोडीह के अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की ढिलाई पर सवाल उठाते हुए समाजसेवी निखिल राज ने कार्रवाई तेज करने की मांग की है।

उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से प्रशासन का ढुलमुल रवैया सड़क निर्माण में बाधा बना हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा छत्रबाद में सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है, लेकिन अतिक्रमण के कारण विवादित स्थलों पर काम रुका हुआ है। ग्रामीणों को आशंका है कि ठेकेदार इस बार भी अधूरे कार्य को छोड़कर वापस न चला जाए। इस मुद्दे पर निखिल राज ने प्रशासन को 15 जनवरी 2025 तक का अल्टीमेटम दिया है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तय समय पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे 16 जनवरी 2025 से सरिया अनुमंडल कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, ॽयह सड़क हमारे ग्रामीणों का वर्षों पुराना सपना है। इस बार बिना सड़क निर्माण पूरा किए ठेकेदार को नहीं जाने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि सड़क अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाय।

ताकि पीडब्ल्यूडी विभाग सुगमतापूर्वक सड़क निर्माण कार्य पूरा कर सके। निखिल राज ने कहा कि सरकार ने सड़क निर्माण के लिए धन राशि उपलब्ध करा दी है, लेकिन प्रशासन का अतिक्रमण पर कार्रवाई न करना उसकी मंशा पर सवाल खड़ा करता है। आखिर प्रशासन इतनी विवश क्यों है?

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा डायबिटीज व ब्लड प्रेशर जांच शिविर आयोजित

संवाददाता

गिरिडीह। मारवाड़ी युवा मंच ने गिरिडीह में बढ़ती ठंड और आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर मंच द्वारा डायबिटीज क्लब के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और वजन की निशुल्क जांच की गई। शिविर का आयोजन कालीबाड़ी स्थित अनिल तिब्रेवाल के कार्यस्थल के पास प्रातःकाल तीन घंटे तक किया गया। शिविर में करीब 115 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसका लाभ स्थानीय समुदाय को हुआ। मंच के इस समाज सेवा प्रयास की सराहना करते हुए लोगों ने मंच के सदस्यों को बधाई दी और उनके निरंतर समाज सेवा के प्रयासों को सराहा। मंच का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें जरूरी स्वास्थ्य जांच उपलब्ध कराना था। इस सफल शिविर को मंच के संयोजक निखिल झुनझुनवाला, युवा अंकुश बसाईवाला, युवा सारंग केडिया, युवा अमित अग्रवाल, युवा शुभम सतीश और युवा आशीष जालान ने मिलकर आयोजित किया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण आवश्यक : उपायुक्त

संवाददाता

धनबाद। स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए और उसका जमीनी स्तर पर उत्तम निष्पादन करना चाहिए। उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट की शुरूआत के लिए आयोजित एक समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी टीकाकरण कार्यक्रम में एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। लोगों के बीच जागरूकता लाकर बच्चों और उनकी माता को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक लाना होगा।

Strengthening & AEFI
Surveillance Workshop
Dhanbad

माता एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र में लाकर कुपोषण से मुक्त करना होगा।

बैठक में उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण, टीकाकरण से रोके जाने वाली बीमारियां, टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ० अमित कुमार ने बताया कि नवंबर 2024 तक टीकाकरण में धनबाद जिले की उपलब्धि लगभग 96% है। जबकि हेपेटाइटिस बी में 94% रही। उन्होंने टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव, रिपोर्टिंग करने की पद्धति, ग्लोबल वैक्सीन एक्शन प्लान, ए.ई.एफ.आइ. के लिए क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट का टिका लगाकर इसका शुभारंभ किया गया। साथ ही ए.ई.एफ.आइ. सर्विलांस एंड रिस्पांस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उत्तरी छोटानागपुर के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ० सिद्धार्थ सनयाल, सिविल सर्जन डॉ० चंद्रभानु प्रतापन, डीआरसीएचओ डॉ० रोहित गौतम, डॉ० रवि रंजन झा, डॉ० सुनिल कुमार के अलावा बाघमारा, बलियापुर, धनबाद सदर, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची, टुंडी के एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सरायढेला चेंबर ऑफ कॉमर्स लकी ड्रा प्रतियोगिता का समापन

सरायढेला चेंबर ऑफ कॉमर्स
आपका ...र्दिक
स्...

धनबाद। सरायढेला चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित दो महीने से चल रहे लकी ड्रा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रवण सिन्हा ने की, जबकि संचालन सचिव मनोज ठाकुर और कोषाध्यक्ष सजाय सोनी ने किया। मुख्य अतिथि विधायक राज सिन्हा ने ड्रा निकालकर विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मुकेश पांडेय, पार्क मार्केट चेंबर के अध्यक्ष संजीव चौरसिया, गोविंदपुर चेंबर के अध्यक्ष राजेश दुदानी, बैंकमोड़ चेंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल और लोकेश अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विजेताओं में प्रथम पुरस्कार फ्रिज कूपन संख्या 18550, द्वितीय पुरस्कार स्मार्ट टीवी कूपन संख्या 01496, और तृतीय पुरस्कार वाशिंग मशीन कूपन संख्या 21207 को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सरायढेला के राजेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राकेश यादव, सुदीप चक्रवर्ती, राजेश चौधरी, लाली जी, हर्ष टेकवानी, खिरोद मंडल, संजय विश्वकर्मा, और जयप्रकाश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

150 टन अवैध कोयला और दो ट्रैक्टर जब्त, फैक्ट्री मालिक समेत अन्य पर केस दर्ज

निरसा। निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर - बेनागड़िया रोड स्थित कांटावन जंगल में स्थित रमेश दास एंटरप्राइजेज पर शनिवार रात एसडीपीओ रजत मानिक बाखला के नेतृत्व में एसओजी टीम ने छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने फैक्ट्री से दो ट्रैक्टर और करीब 150 टन अवैध कोयला जब्त किया। छापेमारी के समय रात्रि पाली में तैनात कर्मचारी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस को छानबीन में पता चला कि कार्रवाई के समय चोरी का कोयला ट्रैक्टर से फैक्ट्री में अनलोड किया जा रहा था। एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने बताया कि फैक्ट्री मालिक रमेश दास, संचालक विजय कुमार यादव और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कोयला तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि कोयला तस्करी के धंधे में विजय कुमार यादव एक उभरता हुआ नाम है। लगभग 10-15 साल पहले वह एक कोयला व्यापारी का बॉडीगार्ड था। इस दौरान उसने वैध और अवैध कोयला व्यापार के गुर सीखे और धीरे-धीरे साइकिल और ट्रैक्टर से कोयला ढुलाई का काम शुरू कर दिया। कुछ ही समय में उसने खुद कोयला तस्करों के सिंडिकेट का प्रमुख बनकर करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली।

धीरे-धीरे जनरल बोगियों को हटाकर स्लीपर और एसी बोगियां जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

धनबाद। भारतीय रेलवे ने जनरल बोगियों को हटाकर स्लीपर और एसी बोगियां जोड़ने की प्रक्रिया एक बार फिर से शुरू कर दी है। धनबाद होकर चलने वाली कई ट्रेनों के रेक में इस महीने से अस्थायी बदलाव किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रमुख ट्रेनों में जनरल बोगियों की जगह स्लीपर और थर्ड इकोनॉमी क्लास की बोगियां लगाई जा रही हैं। कोलकाता-आगरा कैंट साप्ताहिक एक्सप्रेस में भी एक जनरल बोगी के स्थान पर थर्ड इकोनॉमी क्लास की बोगी जोड़ने का निर्णय लिया गया है। इस बदलाव के तहत कोलकाता-जम्मू तवी, कोलकाता-ग्वालियर और कोलकाता-अमृतसर जैसी ट्रेनों में जनरल बोगियों को हटाकर स्लीपर बोगियां जोड़ी जा रही हैं। यह व्यवस्था 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक लागू रहेगी। धनबाद होकर गुजरने वाली अन्य ट्रेनों में भी इसी तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। भारतीय रेलवे को देश की जीवन रेखा कहा जाता है। यह रोजाना करीब 2.40 करोड़ यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का कार्य करती है। रेलवे का यह नेटवर्क 13,452 यात्री ट्रेनों और 9,141 मालगाड़ियों के जरिए देश के 7,325 स्टेशनों को जोड़ता है। इसके अलावा, रेलवे प्रतिदिन 20.38 करोड़ टन माल की ढुलाई करता है।

हाल के वर्षों में रेलवे ने यात्री सुविधाओं में सुधार और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए कई अहम बदलाव किए हैं। जनरल बोगियों को हटाकर स्लीपर और एसी बोगियों को जोड़ने का यह कदम भी यात्रियों के सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में उठाया गया है।

धनबाद के लिंडसे क्लब में 20 से 22 तक होगा पौष पार्बन मेला

धनबाद। धनबाद का ऐतिहासिक बंगाली संगठन लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी इस वर्ष 20 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक अपने क्लब परिसर में प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम पौष पार्बन मेला का आयोजन करेगा। क्लब परिसर में 16 दिसंबर 2024 को आयोजित एक प्रेस वार्ता में क्लब के अध्यक्ष और सीआईएमएफआर के पूर्व निदेशक डॉ० अमलेंदु सिन्हा ने जानकारी दी कि यह आयोजन वर्ष 2019 से धनबाद और आसपास के क्षेत्रों के मनोरंजन प्रेमी व सांस्कृतिक रूप से प्रेरित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। डॉ० सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि धनबाद के एसएसपी ह्दीप पी. जनार्दन होंगे, जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में .एस.एल.एन.टी. महिला महाविद्यालय की प्राचार्या और बी.बी.एम.के.यू. की डीन शिक्षा डॉ० शर्मिला रानी उपस्थित रहेंगी। तीन दिवसीय इस महोत्सव में बंगाली संस्कृति की झलक प्रस्तुत की जाएगी। इसमें बंगाली खाद्य स्टाल, बंगाल के पारंपरिक बाउल संगीत और बंगाली बैंड जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का आयोजन

बच्चों और किशोरों के लिए योग, प्राणायाम और जीवन कौशल का अनोखा संगम

संवाददाता

धनबाद। धनबाद के नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल, एमओसीपी बालियापुर में आर्ट ऑफ लिविंग की बच्चों और किशोरों के लिए उत्कर्ष योग और मेधा योग लेवल - 1 कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ फैकल्टी मयंक सिंह और राज्य चिल्ड्रन एंड टींस कोऑर्डिनेटर सोनाली सिंह ने किया। कार्यशाला में कक्षा 4 से 12 तक के लगभग 80 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को प्राणायाम, योग, आर्ट ऑफ लिविंग की फ्लैगशिप चिल्ड्रन क्रिया और सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। इन सत्रों के माध्यम से उन्हें मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय सिखाए गए। इसके साथ ही, खेल-खेल में मानवीय मूल्यों जैसे करुणा, सहयोग, ईमानदारी और जीवन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों का प्रभावी प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मजूमदार के मार्गदर्शन और सहयोग से हुई। आयोजन की व्यवस्था आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका सोनी कुमारी और वॉलंटियर जुही महतो ने की। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को न केवल रोचक और ज्ञानवर्धक बताया बल्कि इसे अपने व्यक्तित्व विकास के लिए एक अनमोल अवसर माना। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों और किशोरों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन को सशक्त बनाना था, जो भविष्य में उनके जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।

विधायक चंद्रदेव महतो का रविंद्रनाथ विद्या मंदिर सिंदरी में भव्य स्वागत

संवाददाता

सिंदरी। रविंद्रनाथ विद्या मंदिर सिंदरी में क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक का स्वागत तिलक, गुलदस्ता और स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर विधायक और विद्यालय सचिव एस.डी. चट्टराज ने कवि रविंद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक ने विद्यालय का भ्रमण किया और विद्यालय के विकास, सड़क, स्ट्रीट लाइट और चिकित्सा सुविधाओं के विषय में चर्चा की। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव एस.डी. चट्टराज, मुक्ता चटर्जी, विद्यालय कार्यकारी सदस्य प्रवीर सरकार, और समिति के सदस्य प्रदीप चट्टराज एवं राजीव मुखर्जी उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख उपस्थितियों में गोधूलि सूर, शिवली बनर्जी, शांतनु सरकार, अमृता मंडल, मनोरंजन मुखर्जी, पपिया चर, सोनाली मुखर्जी, आसीत मंडल, पम्पा चक्रवर्ती, मिसिर कुंभकार, सरस्वती अधिकारी, सोमा घोषाल, सुनंदा चौधरी, सुमिता चक्रवर्ती, सुमित सिंह, मदन मोहन सरकार, विजय मोदक, सोष्टी सूत्रधर, रामू जोगी और रूबी डे शामिल थे।

सिंदरी: विधायक चंद्रदेव महतो ने रविंद्र नाथ विद्या मंदिर के विकास पर की चर्चा

संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी के रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में माननीय विधायक चंद्रदेव महतो का स्वागत बड़े हीं गर्मजोशी के साथ तिलक, गुलदस्ता और स्वागत गान के माध्यम से किया गया। विधायक और विद्यालय सचिव एस.डी. चट्टराज ने कवि रवींद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और विद्यालय की प्रगति और आवश्यकताओं को लेकर शिक्षकों और प्रबंधन समिति के साथ विचार-विमर्श किया। चर्चा के दौरान सड़क, स्ट्रीट लाइट और चिकित्सा सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें विधायक ने सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव एस.डी. चट्टराज, श्रीमती मुक्ता चटर्जी, विद्यालय कार्यकारी सदस्य प्रवीर सरकार, विद्यालय समिति के सदस्य प्रदीप चट्टराज और राजीव मुखर्जी के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय में मौजूद प्रमुख शिक्षकों में गोधूलि सूर, शिवली बनर्जी, शांतनु सरकार, अमृता मंडल, मनोरंजन मुखर्जी, पपिया चर, सोनाली मुखर्जी, आसीत मंडल, पम्पा चक्रवर्ती, मिसिर कुंभकार, सरस्वती अधिकारी, सोमा घोषाल, सुनंदा चक्रवर्ती, उमा मुखर्जी, चंदा चौधरी, सुमिता चक्रवर्ती, सुमित सिंह, मदन मोहन सरकार, विजय मोदक, सोष्टी सुत्रधर, रामू जोगी और रुबी डे शामिल थे। विधायक के दौरे और उनकी बातचीत ने विद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच उत्साह और आशा का संचार किया। उपस्थित सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

गोपीनाथपुर कोलियरी में नियोजन की मांग पर धरना, भाजपा और इंडिया गठबंधन में तनाव

संवाददाता

धनबाद। ईसीएल के गोपीनाथपुर कोलियरी में नियोजन की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन के बैनर तले स्थानीय ग्रामीणों और नेताओं द्वारा 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा और इंडिया गठबंधन के समर्थक आमने-सामने आ गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दोनों पक्षों द्वारा लाठी-डंडे निकाले जाने की खबर है। हालांकि, मौके पर पहुंची निरसा पुलिस ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया और टकराव को टाल दिया। बावजूद इसके, क्षेत्र में तनाव बना हुआ है और हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं।

भाजपा और इंडिया गठबंधन का आरोप-प्रत्यारोप

भाजपा नेता मनोज सिंह ने इस टकराव के लिए सीधे तौर पर निरसा के विधायक अरूप चटर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि विधायक ने बाहर से गुंडों को बुलाकर माहौल खराब करने की साजिश रची है। मनोज सिंह ने दावा किया कि भाजपा इस तरह की राजनीति को कभी सफल नहीं होने देगी। वहीं, इंडिया गठबंधन के नेता और जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे आंदोलन को बिगाड़ने की साजिश कर रही है, जो निंदनीय है। माले नेता रामजी यादव ने भी कंपनी पर स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार न देने और मजदूरों को उचित मानदेय न देने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा पर माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक अरूप पर लगाए गए आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। स्थिति पर नजर रखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

कार्यक्रम

असर्फी हॉस्पिटल में श्रमिक कल्याण पर भारतीय मजदूर संघ का विशेष कार्यक्रम आयोजित

यहां की सुविधाएं और सेवाएं सभी के लिए अत्यंत लाभकारी है

संवाददाता

धनबाद। असर्फी हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में भारतीय मजदूर संघ के धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ द्वारा श्रमिक कल्याण और समाज सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन असर्फी हॉस्पिटल के मार्केटिंग अधिकारी संतोष सिंह ने किया। असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक जयप्रकाश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के अध्यक्ष सुभांशु रॉय और महाप्रबंधक डॉ० स्वाति सिन्हा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में असर्फी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयों पर विचार साझा किए। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ० सूरज एच. चव्हाण, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ० संजय कुमार सिंह और सीटीवीएस विशेषज्ञ डॉ० सतीश कुमार नटराजन ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और उपचार विधियों पर चर्चा की।धन्यवाद ज्ञापन धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने असर्फी हॉस्पिटल और असर्फी कैंसर संस्थान में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां की सुविधाएं और सेवाएं धनबाद एवं आसपास के मजदूरों और किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। बेहतर चिकित्सा के लिए अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं है।।कार्यक्रम के समापन के बाद भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और उपस्थित चिकित्सकों ने असर्फी हॉस्पिटल और कैंसर संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और नवीनतम उपचार विधियों की जानकारी दी गई। असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक जयप्रकाश सिंह, निदेशक गोपाल सिंह और अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने सभी को संस्थान की चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस आयोजन ने क्षेत्र के श्रमिक समुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

मोहम्मद शमशाद बने झारखंड तीरंदाजी कोच समिति के संरक्षक

संवाददाता

धनबाद। झारखंड में तीरंदाजी के इंडियन राउंड को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस स्पर्धा को तीरंदाजी का मूल माना जाता है, और झारखंड के अधिकांश खिलाड़ी इसी में अभ्यास कर अपनी प्रतिभा निखारते हैं। हालांकि, इंडियन राउंड की प्रतियोगिताएं कम होने के कारण खिलाड़ियों में निराशा देखने को मिलती है। जैसे नेशनल रैंकिंग टूनामेंट, विमेंस नेशनल रैंकिंग और इनडोर चैंपियनशिप। इस असंतुलन को दूर करने के लिए झारखंड के सभी कोचों ने बैठक कर यह निर्णय लिया कि राज्य के विभिन्न जिलों में प्राइज मनी टूनामेंट का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से इंडियन राउंड के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारा जा सकेगा। धनबाद के तीरंदाजी कोच मोहम्मद शमशाद को झारखंड तीरंदाजी कोच समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया है। उनके इस पद पर नियुक्ति पर धनबाद जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विजय झा, जुबेर आलम, तारकनाथ, कोच सुलेखा कुमारी सहित सभी खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।

सुभाषितम्

मनुष्य का सच्चा जीवन साथी विद्या ही है, जिसके कारण वह विद्वान कहलाता है। - स्वामी दयानन्द

मोहन सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता, आने लगे शानदार परिणाम

सरकार यदि विकास के लिए प्रतिबद्ध हो तो असर गहरा दिखाई देता है। वैसे तो मध्य प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास इन दोनों तेजी से दिखाई देता है लेकिन यहां बात हम खेलों के संदर्भ में करेंगे। वस्तुतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों मेडल जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोखन कर रहे हैं। इसके पीछे प्रदेश में खिलाड़ियों को दी जा रही ट्रेनिंग, शिक्षा एवं खेलों में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का विशेष योगदान है। बात यहां यदि एक वर्ष की करें तो में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस साल पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपित में हिस्सा लिया। वहीं, पहली बार मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया गया है। उज्जैन में जिम्नास्टिक, एथलेटिक, बास्केटबॉल, मलखंभ आदि खेलों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। देश में आज मलखंभ खेल की बात आती है, तो उसमें उज्जैन का नाम सर्वप्रथम आता है। उज्जैन में मलखंभ और जिम्नास्टिक अकादमी भी संचालित की जा रही है।

यहां युवा खिलाड़ी अपने खेल कौशल का पूर्ण क्षमता के साथ सदुपयोग कर अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खास दिलचस्पी के चलते उज्जैन में हाल ही में बहुउद्देशीय खेल परिसर का लोकार्पण हुआ है। खेल विभाग का यह दूसरा वृहद खेल परिसर हैं, जिसमें इनडोर-आउटडोर खेल की सुविधा व स्विमिंग पूल उपलब्ध है। नव निर्मित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक है तथा इसी परिसर में बहुउद्देशीय खेल परिसर है, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मलखंभ एरिना, शूटिंग, फुटबॉल मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्लेयर्स लॉबी आदि सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक जिम की स्थापना की गई है। भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में विभिन्न खेल अकादमियों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश-प्रदेश को पदक दिला रहे हैं। इस साल मई में आयोजित पेरिस ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक में पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और पदक भी अर्जित किए। इनमें हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद, शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और पैरा एथलीट प्राची यादव, पैरा एथलीट पूजा ओझा और कपित परमार शामिल हैं। कपिल परमार ने पहली बार पैरा ओलंपिक में भाग लेकर को जूडो में देश को पहला पदक दिलाया। होशंगाबाद के रहने वाले विवेक सागर प्रसाद ने टोक्यो ओलंपिक के बाद लगातार दूसरी बार हॉकी टीम की ओर से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया और टीम में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश को पदक दिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदक विजेता खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच शिवेंद्र सिंह देश टीम से भी खेल चुके हैं। उनकी कोचिंग में ही भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में 40 साल बाद देश को मेडल जिताया था। पेरिस ओलंपिक में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार देश को पदक दिलाया। इस साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में मध्य प्रदेश की चार खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश के शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा-केनोइंग खिलाड़ी प्राची यादव और महिला हॉकी खिलाड़ी सुशीला चानू को अर्जुन पुरस्कार तथा हॉकी प्रशिक्षक शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया। बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए जनजातीय कार्य विभाग भी अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है। हाल ही में जनजातीय कार्य विभाग के सभी स्कूलों में बच्चों की खेल अभिरूचियों के विकास के लिए खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग को एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय एवं सीएम राईज स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत तक की दिव्यांगता होने पर फ्री मोटोराईज्ड साईकिल उपलब्ध कराने को कहा है। प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने हर जिले के सरकारी स्कूलों में 110 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना की है। इन केन्द्रों के जरिये छात्र-छात्राओं को खेल अधो-संरचना के साथ उत्कृष्ट स्तर की खेल सामग्री और खेल प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस व्यवस्था से सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के खेल प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सहभागिता में भी बढ़ोतरी हुई है।

बांग्लादेश में हिंदू निशाने पर! कब सुधरेंगे हालात?

मनोज कुमार अग्रवाल

बांग्लादेश में युनूस सरकार कट्टरपंथी तत्वों के बेहद दबाव में है यही वजह है कि वहां अल्पसंख्यक खास कर हिन्दू समुदाय का जीवन दुश्वार हो गया है। बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले में बांग्लादेश सरकार ने एक्शन लेने की शुरूआत की है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने ऐसे 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हिंदू मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों के घरों में तोड़फोड़ करने का आरोप है। हालांकि जानकार लोग इस कार्रवाई को महज खानापूर्ति बता रहे हैं, वहां पुलिस और सेना की मौजूदगी में हिन्दू समुदाय के लोगों पर कट्टरपंथी कहर ढा रहे हैं। आप को बता दें कि बांग्लादेश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी उत्तरी बांग्लादेश के सुनामगंज जिले से की है। पुलिस ने 12 नामजद लोगों के अलावा 150 से 170 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। पकड़ गए चारों आरोपियों के नाम अलीम हुसैन (19), सुल्तान अहमद राजू (20) इमरान हुसैन (31) और शाहजहां हुसैन (20) बताए जा रहे हैं। इन पर सुनामगंज जिले के दोराबाजार इलाके में तोड़फोड़ करने का आरोप है। दें कि 3 दिसंबर को बांग्लादेश के सुनामगंज जिले के आकाश दास ने एक फेसबुक पोस्ट किया था. इस पोस्ट के बाद जिले में तनाव पैदा हो गया था. हालांकि, आकाश ने बाद में पोस्ट डिलीट कर दिया था. लेकिन, उपद्रवियों ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट शेयर करने शुरू कर दिए थे, जिसके कारण इलाके में हिंसा भड़क गई थी।

हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि हम बांग्लादेश सरकार से उम्मीद करते हैं कि वो अल्पसंख्यकों की सुरक्षा देगी। वहां अल्पसंख्यकों के साथ जो कुछ भी किया जा रहा है वो परेशान करने वाला है। एस जयशंकर का यह बयान उस वक्त आया

जब गुरुवार को एक 17 साल की हिंदू बांग्लादेशी लड़की नदी तैरकर अवैध रूप से भारत में घुस गई थी। इस लड़की का कहना था कि इस्कॉन भक्त होने की वजह से उसे वहां कट्टरपंथी परेशान कर रहे थे। विदित है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से हिंदुओं के खिलाफ धार्मिक हिंसा के मामले लगातार बढ़े हैं। 'सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज्म एंड ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के मुताबिक 5 से 9 अगस्त के बीच ही बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ लूटपाट की 190 घटनाएं सामने आई थीं।साथ ही 32 घरों में आगजनी, 16 मंदिरों में तोड़-फोड़ और यौन हिंसा के 2 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक 20 अगस्त तक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कुल 2010 मामले सामने आए। हिंदू परिवारों पर हमले के 157 और मंदिरों के अपमान के 69 मामले शामिल थे।

दुर्गा पूजा के दौरान भी बांग्लादेश में पंडालों को निशाना बनाया गया था। इसके अलावा मूर्तियों को खंडित करने की कई घटनाएं भी दर्ज की गई थीं। कुछ दिन पहले बांग्लादेश के ढाका में इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया गया था। हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया था। राजद्रोह के आरोप में यूनुस सरकार ने इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को गिरफ्तार किया था। चिन्मय प्रभु पर उनकी एक रैली के दौरान नेशनल फ्लैग (राष्ट्रध्वज) के अपमान का आरोप लगा था। ये रैली 25 अक्टूबर को चटगांव के लाल दीघी मैदान में हुई थी। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने पोस्ट करने वाले आकाश दास को उसी दिन हिरासत में ले लिया था। पोस्ट से भड़के उपद्रवियों ने उसे उसी दिन पुलिस की हिरासत से छीनने को कोशिश भी की थी, हालांकि, सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने आकाश को दोराबाजार की जगह सदर पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर कर दिया था। गुस्साए उपद्रवियों ने उस दिन ही लोकनाथ मंदिर और हिंदू समुदाय के घरों-दुकानों पर हमला किया था।

बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब शेख हसीना 5 अगस्त को छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद देश छोड़कर भारत आ गई थीं। हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद वहां मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता संभाल रही है।

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर हमले एकदम से बढ़ गए हैं। वहां हिंतुओं और खासतौर पर इस्कॉन के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है। कुछ दिनों पहले बांग्लादेश की पुलिस ने बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत संगठन के प्रवक्ता हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया था, जो अब भी जेल में हैं। रैली के बाद इठढ नेता फिरोज खान ने चिन्मय प्रभु और अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल रैली के दौरान कुछ लोगों ने आजादी स्तंभ पर बांग्लादेश के नेशनल फ्लैग से ऊपर सनातन जागरण मंच का ध्वज फहरा दिया था। बांग्लादेश में नेशनल फ्लैग से ऊपर कोई और फ्लैग फहराना देशद्रोह माना जाता है।

संत चिन्मय कृष्ण दास ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ लोगों को एकजुट किया था।चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के बाद चटगांव में हिंसा फैल गई थी। इस हिंसा में एक वकील की भी मौत हुई थी। वकील की मौत के बाद एक बार फिर चिन्मय प्रभु और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में 164 नामजद और लगभग 500 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस्कॉन पर बैन लगाने के लिए केस भी दायर

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद हिंदू आबादी निशाने पर है। मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। हिंदू नेताओं को धमकियां मिल रही हैं। कट्टरपंथी मुस्लिम इस्कॉन पर बैन लगाना चाहते हैं। इसे लेकर केस भी दायर किए गए हैं।

बांग्लादेश सरकार द्वारा हिन्दुओं पर हमले के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भारत और विश्व के कई देशों में बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध को देखते हुए नामचार कारवाई की है ताकि बढ़ती असंतोष को कम किया जा सके। हकीकत यह है कि बांग्लादेश की युनूस सरकार पूरी तरह कट्टरपंथी लोगों के दबाव में है और हिन्दुओं को संरक्षण देने में नाकाम रही है। भारत सरकार अभी सिर्फ अनुकूल स्थिति का इंतजार कर रही है निकट भविष्य में बांग्लादेश को सबक सिखा सकती है।

तबला ने एक श्रेष्ठतम उस्ताद जाकिर हुसैन को खो दिया

विजय केसरी

भारत ने एक लब्ध प्रतिष्ठित तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन साहब को हमेशा हमेशा के लिए खो दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तबला वादन कर भारत का नाम गौरांवित किया। उनकी बनाई धुने सदा गूंजती रहेगी। एक कालजई व अमर धुन के रूप में सदा लोगों को आनंदित करती रहेगीं। उनका इस तरह अकस्मात जाना एक अपूरणीय क्षति के समान है। उनका संपूर्ण जीवन तबला वादन को समर्पित रहा था। उस्ताद जाकिर हुसैन की उंगलियां तबला पर जब थिरकती थी, उससे उत्पन्न लयबद्ध को सुनकर लोग खो जाते थे। तबला तो अभी है, लेकिन जाकिर हुसैन की कलात्मक उंगलियां अब उस पर कभी थिरक नहीं पाएगी। वे जिस अंदाज में मंचों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करते थे, लोग वाह-वाह किए बिना नहीं रह पाते थे।

वे निरंतर तबला वादन के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग करते रहते थे। इसके साथ ही वे तबला वादन की पुरानी परंपरा के धुन को पाश्चात्य धुन के साथ मिलकर प्रस्तुत करने वाले विश्व के पहले तबला वादक रहे थे। वे स्वयं में तबला वादक के एक विश्वविद्यालय बन चुके थे। वे तबला वादन के साथ नए तबला वादकों को भी प्रशिक्षित किया करते थे। विश्व भर में हजारों की संख्या में शिष्य उनसे की सीख ले रहे थे। जाकिर हुसैन साहब जितने बड़े तबला वादक थे, वे उतने ही सहज सरल प्रकृति के व्यक्ति थे। हमेशा मुस्कुराकर लोगों से मिलते थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतनी ख्याति अर्जित कर लेने के बावजूद उनमें रत्ती भर भी घमंड नहीं था। वे हमेशा छोटे से छोटे तबला वादक कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहते थे। उनका जन्म मुंबई के एक प्रख्यात प्रतिष्ठित तबला वादक घराना में 9 मार्च 1951 में हुआ था। उनकी मृत्यु 15 दिसंबर 1924 को सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में हुई। वे इस धरा पर लगभग 73 वर्षों तक जीवित रहे थे। वे प्रख्यात तबला वादक अल्लाह रक्खा के सबसे बड़े पुत्र थे। उन्होंने तबला वादन की सीख अपने पिता अल्लाह रक्खा से ही लिया था। अल्लाह रक्खा उनके पिता के साथ गुरु भी थे। अल्लाह रक्खा और जाकिर हुसैन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार संयुक्त रूप तबला वादन कर हजारों तबला प्रेमियों का दिल जीत लिया था।

जाकिर हुसैन साहब का बचपन से ही संगीत की ओर रूचि थी। चूंकि घर में माहौल संगीत का ही था। इस माहौल ने उन्हें संगीत की ओर जाने के लिए और भी प्रेरित किया था। वे बचपन से ही एक कला प्रेमी थे। उनके पिता अल्लाह रक्खा ने जाकिर हुसैन को तबला के प्रति उसकी निष्ठा और उंगलियों को तबला पर थिरकते हुए जब देखा था, तब उन्होंने यह बात कही थी कि 'जाकिर हुसैन आने वाले दिनों में भारत ही नहीं अपितु विश्व का सर्वश्रेष्ठ तबला वादक बनेगा।' यह बात आगे चलकर सच साबित हो गई। जाकिर हुसैन ने अपनी प्राथमिक शिक्षा मुंबई के

माहिम में सेंट माइकल हाई स्कूल से पूरी की थी। उन्होंने मुंबई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से स्नातक की तक की पढ़ाई पूरी की थी। वे स्कूल और कॉलेज में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। जब स्कूल और कॉलेज में होने वाले कार्यक्रमों में तबला वादन करते थे तो छात्रों सहित शिक्षकों की भारी संख्या में भीड़ जुड़ जाती थी।

प्रख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन साहब जितने उच्च कोटि के तबला वादक थे, उतने ही अच्छे अभिनेता भी थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई फिल्मों में भी अभिनय किया था। 'साज' और 'हिट एंड डस्ट' उनकी सबसे लोकप्रिय फिल्मों में एक थी। आज भी उन दोनों फिल्म में उनके किए गए अभिनय का चर्चा होती है। उनकी सबसे हालिया फिल्म 'मंकी मैन' 2000 में रिलीज हुई थी। यह भी एक बेहतरीन फिल्म साबित हुई। चूंकि जाकिर हुसैन तबला वादन के कार्यक्रमों में भारत सहित विश्व के कई देशों में होने वाले कार्यक्रमों में अनुबंधित होते रहते थे। इसलिए वे फिल्मों में अभिनय के लिए ज्यादा समय नहीं दे पाते थे। कई फिल्म निमार्ता-निर्देशक उनसे अभिनय के लिए अनुरोध करते रहते थे। लेकिन वे तबला कार्यक्रमों में अनुबंधित रहने के कारण फिल्म के लिए समय नहीं दे पाते थे। अगर वे एक अभिनेता के रूप में फिल्म में अभिनय करते तो शायद इस क्षेत्र में भी परचम लहरा रहे होते। देशवासियों को याद होगा कि जब देश में दूरदर्शन का शुभारंभ हुआ था, तब जाकिर हुसैन साहब रोजाना दूरदर्शन पर तबला बजाते हुए उपस्थित होते थे।

जब उनका कार्यक्रम दूरदर्शन पर आता था, देश भर में लोग उनके तबला वादन कार्यक्रम को देखते थे। देखते ही देखते वे देश के सर्वश्रेष्ठ तबला वादक के रूप में लोकप्रिय हो गए थे। देश भर में होने वाले बड़े-बड़े आयोजनों में जाकिर हुसैन साहब अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करते रहे थे। उन्होंने तबला वादन के क्षेत्र में भारत में परचम लहराने के साथ ही विश्व के कई देशों के बड़े-बड़े स्टेज शो में तबला वादन कर अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित किया था। इसी का नतीजा था कि वे देश के कई उपभोक्ता ब्रांडों के ब्रांड एंबेसडर तक बन गए थे।

उनका पारिवारिक जीवन बहुत ही सु मधुर रहा। उन्होंने कथक नृत्यांगना और शिक्षिका एंटोनिया मिनेकोला से प्रेम विवाह किया था। दोनों के बीच बहुत ही बेहतर अंडरस्टैंडिंग थी। उनकी दो बेटियां अनीशा कुरैशी और इसाबेल कुरैशी हैं। उनका यह छोटा परिवार हमेशा एक दूसरे से बहुत ही मजबूती के साथ जुड़े हुए थे। जाकिर हुसैन साहब पिछले दस-बारह वर्षों से उच्च रक्तचाप से ग्रसित थे। उनकी दिनचर्या बहुत ही संतुलित थी। उनका खान-पान भी सादा था। लेकिन बढ़ती उम्र के प्रभाव को कोई रोक भी नहीं सकता था वे नियमित दवाइयां भी लेते थे। इसके बावजूद रोग उनको अपनी पकड़ में लेता गया था। इधर कुछ वर्षों से हृदय संबंधी विकारों से भी ग्रसित हो गए थे। जिस कारण वे इन दोनों कार्यक्रम भी बहुत कम कर पा रहे थे। जीवन और मृत्यु तो भगवान के हाथों में है, 2024 का 15 दिसंबर उनके जीवन के आखिरी दिन के रूप में उपस्थित हुआ और वे सदा सदा के लिए हम सबों को छोड़कर चले गए। जाकिर हुसैन साहब ने अपने जीवन काल में जो तबला वादन किया, सदा उसकी आवाज गूंजती रहेगी और तबला वादकों को मार्ग प्रशस्त करते रहेंगी। तबला वादक जाकिर हुसैन साहब को भारत सहित विश्व के कई देशों से तबला वादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया। भारत सरकार ने भी जाकिर हुसैन साहब को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया था। देश के जाने-माने उद्योगपति हर्ष गोयनका ने जाकिर हुसैन के अकस्मात निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि 'दुनिया खामोश हो गई है।

कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार

संजय तिवारी

प्रयागराज में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार, प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है।

सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज। यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम। समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है।

इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है।

यह कुंभ क्या है एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं।

कुंभ और ब्रह्माण्ड

कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात् ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है। इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं।

सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यत पिण्डे, तत ब्रह्माण्डे, तत ब्रह्माण्डे, यत पिण्डे, अर्थात जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ घट का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है।

अंड अर्थात् अणु और इसके अंग

जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे। अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में हम इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संज्ञा देते हैं। इन्हीं तीन के आधार पर आज की आधुनिक दुनिया दौड़ रही है। सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा। हमारे पूज्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश की निरंतर उपस्थिति के कारण क्या हैं और ब्रह्माण्ड का सृष्टि पर्व कुंभ ही क्यों है।

शास्त्र कहते हैं, कण कण में भगवान की उपस्थिति है। आधुनिक विज्ञान कहता है, प्रत्येक अणु में इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन की उपस्थिति है। फिर यह कुंभ क्या है और इस कुंभ के भीतर जो अमृत तत्व निर्धारित किया जाता है वह क्या है। आधुनिक विज्ञान की नवीनतम खोज के रूप में इलेक्ट्रॉन को चेतना या प्रकाश के रूप में देखा जा सकता है। यह जीवन और सृजनशीलता का प्रतीक है। यही गुण तो ब्रह्मा का भी है। प्रोटॉन को शक्ति या ऊर्जा के रूप में देखा जा सकता है। यह शक्ति और स्थिरता का प्रतीक है। न्यूट्रॉन को सद्भाव या शांति के रूप में देखा जा सकता है। यह संतुलन और एकता का प्रतीक है। इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन से ही पदार्थ का अस्तित्व है। इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन से परे होकर मोक्ष की अवस्था प्राप्त की जा सकती है। इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन से जुड़े गुणों का क्रम ब्रह्मा, विष्णु, और शिव के क्रम के समान है।

आज का राशिफल

मेष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

वृष : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान रखें।

मिथुन : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। यात्रा का योग बनेगा।

कर्क : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

सिंह : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

कन्या : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। लाभ का हर्ष होगा।

वृश्चिक : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी।

धनु : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्छजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी।

मकर : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि होगी। शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। श्रेष्छजनों की सहानुभूतियां होगी।

मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने.में रुकावट का एहसास होगा।

संक्षिप्त खबरें

19-20 को हजारीबाग आनंद कॉलेज में ट्रांस डिसिप्लिनरी सेमिनार

हजारीबाग। अन्नदा कॉलेज हजारीबाग में 19-20 दिसंबर 2024 को होने वाले ट्रांस डिसिप्लिनरी सेमिनार के संदर्भ में कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कॉलेज सेमिनार कमिटी के चेयरमैन और प्राचार्य डॉ. नीलमणि मुखर्जी ने सेमिनार के मुख्य विषय 'ट्रांस डिसिप्लिनरी' के आशय को स्पष्ट किया और बताया कि यह एक नया विषय है। पहले दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और उद्घाटनकर्ता के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार होंगे। पहले दिन के मुख्य वक्ता में प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह डी.डी.यू., गोरखपुर, डॉ० श्यामसुंदर राय महिषा दल कॉलेज, पश्चिम बंगाल, रणेंद्र कुमार रामदयाल मुंडा ट्राइबल रिसर्च इंस्टिट्यूट, डॉ० वर्षा सिंह गुरुनानक कॉलेज धनबाद, डॉ० अमिताभ सामंतो विनोबा भावे विश्वविद्यालय और डॉ० के.के. गुप्ता एम.एड.शामिल होंगे। दूसरे दिन के ऑनलाइन सत्र के मुख्य वक्ता में डॉ० अजय त्रिपाठी सिक्किम विश्वविद्यालय, डॉ० दिनेश साहू सिक्किम विश्वविद्यालय और डॉ० निरंजन महापात्रा आसाम विश्वविद्यालय, दिफू कैंपस होंगे। कार्यक्रम का समापन अंतिम सत्र में धन्यवाद ज्ञापन से होगा।

प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर शोक



हजारीबाग। विश्व प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का सोमवार सुबह 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले दो सप्ताह से सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में दिल संबंधित बीमारियों का इलाज करा रहे थे। उनका निधन म्यूजिक इंडस्ट्री और भारतीय संगीत प्रेमियों के लिए अपूरणीय क्षति है। समाजसेवी और जदयू नेता राकेश गुप्ता ने उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर उस्ताद की एक तस्वीर साझा कर श्रद्धांजलि दी और उनके शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। राकेश गुप्ता ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन का योगदान शास्त्रीय संगीत की दुनिया में अतुलनीय था, और उन्हें हमेशा एक महान संगीतज्ञ के रूप में याद किया जाएगा। उनकी कला न केवल संगीत का एक उत्कृष्ट उदाहरण थी, बल्कि उनके अनुशासन, समर्पण और प्रतिभा ने एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया। उनका जीवन संगीत की साधना और भारतीय संस्कृति के प्रति गहरे आदर का प्रतीक था। राकेश गुप्ता ने आगे कहा कि उनका निधन संगीत जगत की एक बड़ी क्षति है, और यह ऐसा नुकसान है जिसे भर पाना असंभव है। उस्ताद जाकिर हुसैन की विरासत अनंत काल तक जीवित रहेगी।

डॉ. विकास कुमार पुनः बने इतिहास विभाग के अध्यक्ष

हजारीबाग। विनोबा भाई विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष के रूप में डॉ० विकास कुमार की पुनः नियुक्ति कर दी गई है। इस संबंध में अधिसूचना कुलपति के आदेश से जारी की गई है। विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने आज डॉ० विकास कुमार को पुष्पगुच्छ अर्पित कर उनका जोरदार अभिवादन किया और उनकी पुनः नियुक्ति पर खुशी व्यक्त की। ज्ञात हो कि इससे पूर्व डॉ० अशोक कुमार मंडल और डॉ० श्याम किशोर सिंह द्वारा विभागाध्यक्ष बनने से इंकार करने की सूचना कुलसचिव कार्यालय को प्राप्त हुई थी। इसके बाद, डॉ० विकास कुमार को फिर से विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है, जिससे विभाग में शैक्षिक गुणवत्ता और शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। डॉ० विकास कुमार की दोबारा नियुक्ति से विभाग में खुशहाली और उत्साह का माहौल है, और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने उनके नेतृत्व में अपने कार्यों को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई है।

हजारीबाग केंद्रीय कारा में निरीक्षण, पाई गई कई कमियां

हजारीबाग। केंद्रीय कारा हजारीबाग में व्याप्त कमियों और गड़बड़ियों की जांच के लिए सोमवार को राज्य मुख्यालय से तीन अधिकारियों की एक टीम पहुंची। इस दल में सहायक महाकारा निरीक्षक हामिद अख्तर, प्रोफेशनल जेल पदाधिकारी ड्रमोली सिंह और अन्य अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान जेल के भीतर कई गंभीर कमियाँ पाई गईं, जिनका रिपोर्ट गृह विभाग को प्रस्तुत करने की बात कही गई है। जेल में सीसीटीवी कैमरे खराब पाए गए, जिससे सुरक्षा में गंभीर खामी उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, जेल में लगे 2ऋजैमर की कार्यक्षमता भी बहुत सीमित है, क्योंकि यह कभी नेटवर्क का सामना कर पाता है तो कभी नहीं। आजकल अधिकांश लोग 5ऋ का इस्तेमाल कर रहे हैं, और जब जेल में बंद कैदी 5ऋमोबाइल का उपयोग करते हैं, तो 2ऋजैमर उन्हें रोकने में असमर्थ रहता है। इससे जेल के भीतर बंद बदमाश मोबाइल फोन का अवैध उपयोग कर रहे हैं। पुलिस ने हाल के दिनों में चार हत्याओं का खुलासा किया है, जिनका संबंध जेल से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। इस पर अधिकारियों से पूछताछ की गई और मामले की गहन जांच शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त, जेल के भीतर प्रतिबंधित मोबाइल फोन और अन्य सामानों के अवैध प्रवेश को लेकर भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी प्राप्त की है कि जेल में कई अनधिकृत व्यक्ति ऐसे सामानों को प्रवेश करवा रहे हैं, जो सुरक्षा के लिए खतरे की बात साबित हो सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट जल्द ही गृह विभाग को सौंपी जाएगी, ताकि इन खामियों को दूर किया जा सके और जेल की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

लंबित योजनाओं को शीघ्रता से पूरा करें

संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग में समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यों की प्रगति पर गहरी चर्चा की गई। बैठक में विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत विभाग, भवन निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित योजनाओं को शीघ्रता से पूरा करें और सुनिश्चित करें कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता के उच्च मानकों के साथ किया जाए। समीक्षा के दौरान, उप विकास आयुक्त ने विशेष प्रमंडल के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना और नवसृजित प्रखंड और अंचल कार्यालय निर्माण कार्य की प्रगति पर भी चर्चा की। इसके अलावा, डीएमएफटी, पीएम अभीम, 15वें वित्त आयोग और पर्यटन से संबंधित योजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। डीएमएफटी मद के तहत विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि नवंबर 2024 तक 1037 योजनाओं को स्वीकृत किया गया है, जिनमें से 505 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

उप विकास आयुक्त ने इन कार्यों की गुणवत्ता की विशेष रूप से निगरानी रखने का निर्देश दिया और साथ ही उन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों से कहा, जो अभी अधूरी हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी योजना में भूमि विवाद उत्पन्न होता है, तो इसकी सूचना तुरंत दी जाए ताकि कार्य में कोई रुकावट न आए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारी के तहत योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से क्रियान्वयन करें, क्षेत्रीय भ्रमण करें और नई योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ करें। इस बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत विभाग, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण और भवन निर्माण विभाग के साथ-साथ अन्य तकनीकी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि व उनके पराक्रम को किया नमन

संवाददाता

हजारीबाग। समाजसेवी और जदयू नेता राकेश गुप्ता ने 1971 में भारतीय सेना की पाकिस्तानी सेना पर विजय की ऐतिहासिक गाथा पर शहीद स्मारक पार्क पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर राकेश गुप्ता ने शहीदों के अद्वितीय पराक्रम को सम्मानित किया और उनके साहसिक संघर्ष को याद करते हुए वीरांगनाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया। राकेश गुप्ता ने इस दिन को भारतीय सेना की एक ऐतिहासिक जीत के रूप में याद करते हुए कहा कि 1971 में भारतीय सेना ने अपने अथक संघर्ष और अतुलनीय साहस के साथ पाकिस्तान की सेना को पराजित किया, जिससे न केवल भारत की सैन्य शक्ति का परिचय मिला, बल्कि पूरे राष्ट्र को गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि यह विजय दिवस भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है और इस दिन ने भारत को एक नई दिशा दी। राकेश गुप्ता ने कहा कि हम अपने वीर सैनिकों की शहादत को कभी नहीं भूल सकते और जिन वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी, उन्हें हम हमेशा श्रद्धांजलि अर्पित करते रहेंगे। इस मौके पर अनुज कुमार, कौशल कुमार, रमेश कुमार, सन्नी कुमार, अनिल कुमार, उज्जवल कुमार, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, प्रीति कुमारी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

माउंट कार्मल स्कूल में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

हजारीबाग। माउंट कार्मल स्कूल ने अपने पहले वार्षिक खेल दिवस का आयोजन शानदार तरीके से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस प्री-प्रोबेशन श्रुति सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सफेद कबूतर उड़ाकर की गई, जो शांति और सद्भावना का प्रतीक था। इस अवसर पर विभिन्न खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने दौड़, रिले रेस, उच्च कूद और अन्य खेल स्पधाओं में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, नाटक और गायन जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में छात्रों का जोश और उत्साह देखने लायक था। मुख्य अतिथि, विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि यह देखकर गर्व होता है कि माउंट कार्मल स्कूल न केवल शिक्षा, बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन समारोह

संवाददाता

हजारीबाग। फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिले के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे विधिवत रूप से किया गया। समारोह में सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही के विधायक मनोज कुमार यादव, और बरकट्ठा के विधायक अमित यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंच संचालन कुमार केशव द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फेडरेशन के सचिव राकेश ठाकुर ने किया। विधायकों का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों द्वारा फूलों के गुलदस्ते, अंगवस्त्र, और मोमेंटो देकर किया गया। इस दौरान, फेडरेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधायकों के द्वारा क्षेत्र और समाज के विकास में किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सहसचिव अहमद तारीक रजा, कोषाध्यक्ष कपिल जैन उर्फ बंटी, और मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की जनता द्वारा दिखाए गए विश्वास को विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और व्यापारिक समुदाय की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने क्षेत्र के युवाओं, व्यापारियों, और किसानों के विकास के लिए अपने समर्पण का इजहार किया और सभी के सहयोग से क्षेत्र को नई पहचान देने की बात कही। फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत करना गर्व की बात है। उन्होंने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग और आसपास के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। फेडरेशन के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समुदाय की आवाज बनना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है।

प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का समापन और कलाकारों का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता

हजारीबाग। मेरा युवा भारत नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का भव्य समापन हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में हुआ। इस कार्यक्रम में हजारीबाग प्रमंडल के सात जिलों के युवा उत्साह के साथ भाग लेने पहुंचे और विभिन्न सांस्कृतिक कला प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्सव में न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, बल्कि एक विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने अपनी विज्ञान संबंधी परियोजनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कई व्यक्तिगत और समूह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में चतरा के अनुराग कुमार ने व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रामगढ़ के आरण्य कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बोकारो के अव्यान नारया समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कोडरमा के रोहित कुमार समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला प्रतियोगिताओं में चतरा के दीपक कुमार केसरी ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हजारीबाग के प्रीत राज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोक नृत्य में चतरा के राकेश ग्रुप ने प्रथम और हजारीबाग के महक ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोक नृत्य में चतरा की सिमरन साह ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गिरिडीह की सुनंदनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में कोडरमा के निरंजन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हजारीबाग के हिमांशु कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, कार्यक्रम समन्वयक जोनी रौशिना तिर्की, उमेश कुमार, दवेंद्र कुमार, अमन कुमार और जिले के अन्य शारीरिक शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

16 वीं झारखंड राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, विधायक ने दी बधाई

संवाददाता

हजारीबाग। जिले के खिलाड़ियों ने 16 वीं झारखंड राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिचय दिया। इस चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता को साबित करते हुए उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा की। इस शानदार प्रदर्शन के बाद, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय में इन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनका यह प्रदर्शन उनके अथक प्रयास और समर्पण का परिणाम है, और आने वाले समय में यह खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य का नाम रोशन करेंगे।

विधायक ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से भी खेलों के प्रति खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आवाज उठाने की बात की। चैंपियनशिप के कोच अविनाश कुमार ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इनकी सफलता के पीछे इनका कठिन परिश्रम और अनुशासन है, जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों शशि उरांव, सैंटी, आराध्यम और सुशील कुमार के योगदान को भी सराहा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के युवाओं में खेल के प्रति गहरी रुचि है। यदि इन खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले, तो ये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। इस दौरान, खिलाड़ियों ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किए और कहा कि वे आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।

कला हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

राजीव रंजन मिश्राः दमदार गायकी व व्यवसाय में सफलता से हजारीबाग का नाम रौशन किया

प्रदीप पाठक

हजारीबाग। कुम्हरटोली पारनाला निवासी राजीव रंजन मिश्रा हजारीबाग के कला प्रेमियों के बीच एक अत्यंत प्रतिष्ठित नाम बन चुके हैं। उनका जन्म बड़कागांव प्रखंड के अंबाजीत गांव में हुआ। राजीव रंजन मिश्रा की गायकी का सफर 1988 में ज्ञान कल्याण ऑर्केस्ट्रा से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने शौकिया तौर पर दोस्तों के साथ गायन करना प्रारंभ किया। इसके बाद उनका गायन कला के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल करने का सिलसिला लगातार जारी रहा। राजीव रंजन मिश्रा की गायकी में विशेष पहचान महान गायक किशोर कुमार के गानों की हू-ब-हू प्रस्तुति से बनी है। उन्हें छोटे किशोर दा के नाम से जाना जाता है, और उनका गायन किशोर कुमार के गानों की तरह सुनने वालों को मंत्रमुग्ध कर देता है। इसके अलावा, राजीव रंजन मिश्रा को मोहम्मद रफी, मुकेश और मन्ना डे जैसे महान गायकों के गाने भी बेहतरीन तरीके से गाने का कौशल प्राप्त है। उनकी गायकी का प्रमुख आकर्षण उनका एल्बम सेंटीमेंटल मूड ऑफ किशोर कुमार है, जो उनके प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ। इसके अलावा, स्टूडियो गूंज द्वारा उनके कई गायन कार्यक्रम लोकल चैनलों पर प्रसारित किए गए हैं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। राजीव रंजन मिश्रा की कला के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत ने उन्हें बड़े मंचों पर भी पहचान दिलाई। उन्होंने साइजिंग स्टार कलर्स चैनल के एक कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया, जिसमें उनकी गायकी को व्यापक प्रशंसा मिली। इसके साथ ही, वह हजारीबाग के कई बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में भी शामिल हुए और अपनी गायकी से लोगों का दिल जीता। 2016 में, उन्होंने आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की स्थापना की, और इस ट्रस्ट के उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने कई बड़े और महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। ट्रस्ट के वार्षिक उत्सव में अपनी गायकी से उन्होंने उपस्थित लोगों का दिल जीता और नए कलाकारों को भी मंच प्रदान किया।

इसके अलावा, राजीव रंजन मिश्रा ने 2023-24 में रांची में आयोजित मेरी आवाज सुन कार्यक्रम में भाग लिया, जो उनकी कला को और भी व्यापक पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। हजारीबाग गांधी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित चुनावी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भी उन्होंने अपनी गायकी से योगदान दिया और समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाई। गायकी के साथ-साथ, राजीव रंजन मिश्रा एक प्रतिष्ठित व्यवसायी भी हैं। वह हजारीबाग के प्रमुख व्यावसायिक संगठनों में से एक, कोलकाता हेचरी और हजारीबाग कमर्शियल लेयर प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं। इन संगठनों के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने व्यवसाय को सफल बनाया, बल्कि समाज में रोजगार के अवसर भी सृजित किए। राजीव रंजन मिश्रा की विशेष पहचान उनकी मानवता और समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता से भी जुड़ी हुई है। वह हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्यरत हैं।राजीव रंजन मिश्रा की कला और व्यवसाय दोनों ही क्षेत्रों में की गई मेहनत ने न केवल उनका नाम रोशन किया, बल्कि हजारीबाग शहर का भी गौरव बढ़ाया। उनकी सफलता का यह सफर अब भी जारी है, और वह हर दिन नए ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर हैं।

विजय दिवस समारोह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हजारीबाग में संपन्न

संवाददाता

हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में बड़े उत्साह और ओज के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हवलदार मिथिलेश कुमार पांडेय अवकाश प्राप्त, सात बिहार रेजीमेंट भारतीय थल सेना, नकुल शर्मा प्रदेश सहसचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड, ओमप्रकाश सिन्हा विभाग निरीक्षक, हजारीबाग विभाग और डॉ० सुरेंद्र झा पूर्व पूर्णकालिक हजारीबाग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मिथिलेश पांडेय ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सैनिकों की वीरता को याद करते हुए बताया कि भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करवाया था। उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों से देशभक्ति और सैनिकों की वीरता से प्रेरित होकर देश सेवा का संकल्प लेने की अपील की। नकुल शर्मा ने भी भारतीय सैनिकों को नमन करते हुए छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी प्रभारी, आनो थर्ड ऑफिसर राजीव रंजन ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम में विद्यालय के 75 एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य अध्यापक और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 308 खिलाड़ी पटना रवाना

किशनगंज। पटना के गोला रोड अवस्थित होटल डायमंड इन्न में आज प्रथम डायमंड कप ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटिंग चेस टूनामेंट 2024 प्रारंभ है, जिसका समापन शुक्रवार को होगा। कुल 4,00000 की इस इनामी शतरंज प्रतियोगिता में बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 308 खिलाड़ीगण आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसमें अपने जिले के 3 खिलाड़ी भी शामिल हो चुके हैं। जिन्हें जिला शतरंज द्वारा अपने गंतव्य पटना की ओर रवाना किया गया। उपरोक्त जानकारी संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा संघ के लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स के प्रमुख एवं खिलाड़ियों के कोच कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने बताया कि इस शतरंज टीम में तेघरिया निवासी धीरेंद्र साह के पुत्र रोहन कुमार, धरमगंज निवासी मुकेश कुमार सहनी के पुत्र आयुष आनंद एवं रोलबाग निवासी दीपक कुमार सिंह के पुत्र दिव्यांशु कुमार सिंह शामिल हैं। इन्हें संघ के वरीय उपाध्यक्ष डा. एम आलम एवं बासुकी नाथ गुप्ता ने रवाना किया। इस प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करने हेतु संघ परिवार के मनीष कासलीवाल, मुनौव्वर रिजवी, सुनील कुमार अग्रवाल, डा. एम एम हैदर, कमोलिका चक्रवर्ती सारस्वत, डा. सौरभ कुमार, डा. नुसरत जहां, पदम जैन, अमृता साव, राजेश कुमार दास, सोमनाथ पांडे, डा. अशोक प्रसाद, डा. के के कश्यप, हृदय रंजन घोष, दिनेश पारीक, रफी अहमद, मो. तारिक अनवर, अविनाश अग्रवाल, रिंकी झा, विशाल जैन, एजाज सोहेल एवं अन्य ने अपने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध हालत में मौत

अररिया। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के किरकिचिया पंचायत के वार्ड संख्या 13 ढोलबज्जा हाई स्कूल के समीप 30 साल की संदिग्ध हालत में एक विवाहिता की मौत हो गई।घटना बीती देर रात की है।सूचना के बाद रात में ही फारबिसगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। रातभर शव के देखरेख के लिए एक चौकीदार की प्रतिनियुक्ति कर दी गई।सोमवार की सुबह फिर पुलिस गांव पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।सूचना के बाद कुसार्कांटा के पहुंसी पंचायत के हरिपुर गांव मायके से विवाहिता के पिता बलदेव मंडल,भाई मुन्ना कुमार मंडल, मां शीला देवी ढोलबज्जा गांव पहुंची और ससुराल वालों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। मामले को लेकर मौजूद मृतका 30 वषीर्या रूबी देवी पति -बाबुल कुमार मंडल के पिता बलदेव मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बेटी की शादी 12 साल पहले किरकिचिया वार्ड संख्या 13 के रहने वाले हरे राम मंडल के पुत्र बाबुल कुमार मंडल से हुई थी।मृतका का पति बाबुल कुमार मंडल दिहाड़ी मजदूरी का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था।मृतका को तीन पुत्री और एक पुत्र है। हालांकि मामले को लेकर सामाजिक तौर पर पंचायती कर मामले को सुलझाने का भी प्रयास किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कफील अंसारी,पप्पू मंडल, मटरू मंडल,ऊजानंद मंडल,सरपंच गुलाबचंद ऋषिदेव,वार्ड सदस्य परमानंद मंडल,विवेक मंडल,कुंदन दास,नीरज यादव,चंदन यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सीमा उस पार हिंदू उत्पीड़न जारी है, फिर प्रतिबाद मार्च में मुखरित कोलकाता

कोलकाता। सीमा उस पार हिंदू उत्पीड़न नहीं रुक रहा। इस्कॉन के चिन्मय प्रभु अभी भी जेल में हैं। विरोध में कोलकाता के लोग फिर सड़क पर उतर आये। बंगाली हिंदू रक्षा समिति ने सोमवार को सियालदह से धर्मतल्ला तक मार्च निकाला। मांग, चिन्मय प्रभु को तुरंत जेल से रिहा किया जाए। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के पतन से हिंदू उत्पीड़न को समाप्त करने की मांग उठी।वहीं, जुलूस में आरजी कर आंदोलन के नारे अलग अंदाज में लगाए गए। नारे लगे, जूतो मारो ताले ताले, यूनुस के गाले गाले। साथ ही रैली में बीएनपी की 'कोलकाता पर कब्जा' की धमकी का भी मजाक उड़ाया गया। एक आंदोलनकारी का जोर, 'उन्होंने कहा कि चार दिन में कोलकाता पर कब्जा कर लेंगे, कहां गई बात?' डर गया या नहीं? सीमा पार नहीं कर सकते। कोलकाता से दूर रहो।स्वाभाविक रूप से, इस जुलूस के कारण आज दोपहर कोलकाता में भारी ट्रैफिक जाम हो गया। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने के बाद से ही अस्थिर स्थिति चल रही है। उस देश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न जारी है। दुनिया भर में विरोध के बावजूद इस्कॉन संत चिन्मयकृष्ण जेल में हैं। इसके विरोध में कोलकाता में नागरिक फिर सड़क पर उतर आये।

कालीघाट के काकु की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने नहीं दिया जवाब

कोलकाता। इस डर से कि सीबीआई उन्हें गिरफ्तार कर सकती है, कालीघाट के काकू तथा सुजॉय कृष्ण भद्रा ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन के साथ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस जयमाल्य बागचि की डिवीजन बेंच इस दिन उनकी अर्जी पर सहमत नहीं हुई। परिणामस्वरूप, कानूनी समुदाय को लगता है कि उन्हें विशेष सीबीआई अदालत में पेश होना होगा। साथ ही हाई कोर्ट ने कहा, उन्हें शारीरिक उपस्थिति देने में कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद सीबीआई काकू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ा सकती है।

सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोग की मौत

संवाददाता

कोलकाता। शादी से लौटते समय देर रात दर्दनाक सड़क हादसा। एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्य की जान चली गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हादसा रविवार रात करीब 11:30 बजे कूचबिहार के कालजानी इलाके में हुआ। हादसे में एक दंपत्ति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान संजीत रॉय और बिपाशा सरकार रॉय, उनके दो बच्चे, दो साल का बेटा इवान और पांच साल की ईशाश्री के रूप में की गई है। संजीत नटबारी हाई स्कूल के शिक्षक थे और बिपाशा नटबारी प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका थीं। कल तूफानगंज के ब्लॉक नंबर 2 इलाके में एक शादी समारोह में चार लोग एक साथ गए थे। वहां से लौटते समय संजय अचानक नियंत्रण खो बैठा। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गयी। चारों कार में फंस गए। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कार की खिड़की तोड़कर चार लोगों को बचाया गया और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को तालाब से बरामद कर लिया।

इस वर्ष गूगल में विनेश फोगाट के बाद सर्वाधिक सर्च किए गए नीतीश कुमार व चिराग पासवान

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस साल गूगल पर भी रिकॉर्ड बनाया है। देश के राजनेताओं में नीतीश कुमार इस साल गूगल सर्च में ट्रेंड करने वाले दूसरे स्थान पर रहे हैं जबकि पहले स्थान पर विनेश फोगाट हैं। विनेश फोगाट के बाद नीतीश कुमार दूसरे ऐसे शख्स हैं, जिन्हें गूगल पर सबसे अधिक सर्च किया गया है। इस साल नीतीश कुमार के चर्चा में रहने की वजह उनकी पार्टी जदयू का लोकसभा चुनाव में दमदार प्रदर्शन है। इस बार जदयू के 12 सांसद चुनाव जीत कर आए और उसके समर्थन से केंद्र की सरकार चल रही है। राजनीतिक रूप से मजबूत होने के चलते नीतीश कुमार की लोकप्रियता बढ़ी और गूगल सर्च पर वो दूसरे स्थान पर आ गए। नीतीश कुमार ने सर्च किए जाने के मामले में तमाम नेताओं को पीछे छोड़ दिया। गूगल सर्च में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ऐसे दूसरे बिहार के नेता हैं, जिन्हें गूगल पर खूब सर्च किया गया है। चिराग ने गूगल सर्च में तीसरा स्थान पाया है। बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का नारा देने वाले चिराग पासवान ने लोकसभा चुनाव में भी दमदार प्रदर्शन किया और उन्हें 100 परसेंट सफलता मिली। राजनीतिक विश्लेषक डॉक्टर संजय कुमार का कहना है कि नीतीश कुमार और चिराग पासवान गूगल में सबसे अधिक सर्च किये गये हैं। इसका मतलब साफ है कि दोनों नेताओं ने देश की राजनीति में अहम जगह बनायी है। खास तौर पर नीतीश कुमार पहले से और मजबूत होकर उभरे हैं।

किसानों ने सिकरहना नदी पर बनाये जा रहे बांध के कार्य को रोका

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। जिले के सुगौली प्रखंड के दक्षिणी छपरा बहास पंचायत के सपहां गांव में सोमवार को सिकरहना नदी पर बन रहे बांध के कार्य को किसानों ने रोक दिया। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहनी के नेतृत्व में कार्यस्थल पर पहुंचे सैकड़ों की संख्या में किसान जेसीबी के सामने बैठ गए और काम को रोक दिया और जम कर बवाल काटा। किसानो का कहना है कि जान दे देंगे पर बांध नही बांधने देंगे।

सोमवार को विभाग के द्वारा चिन्हित कर लगाए गए पिलर के बीच में जेसीबी द्वारा मिट्टी काटने का काम शुरू किया गया था।इसी बीच सैकड़ो की संख्या में पहुंचे किसानो ने जेसीबी के सामने प्रदर्शन करते हुए उसे खेत से बाहर निकलवा सड़क पर करवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे खेतों की उपज से हमारे परिवार का भरण-पोषण होता है,जिसमे धान,गेंहू,गन्ना सहित अन्य फसलों को उगाया जाता है। क्षेत्र के करीब 70 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर है।यदि सिकरहना नदी के दक्षिणी तरफ बांध बना दिया जायेगा तो खेत बालू का रेत बन कर बंजर हो जायेगा।साथ ही बाढ़ के पानी के जमाव से गांव के लोगों को विस्थापित होना पड़ेगा। यह बांध पर्यावरण और भौगौलिक परिवेश के विपरीत बनाया जा रहा है,जिससे किसान के सामने भुखमरी की स्थिति बन जायेगी।हमलोग किसी भी कीमत पर बांध नही बनने देंगे।

प्रदर्शनकारी किसानो ने कहा कि सिकरहना नदी के उत्तरी छोर से दर्जनो नेपाली नदियां आकर सिकरहना में मिलती है।बांध बंध जाने से नदी में ज्यादा पानी आ जायेगी और लोगों के जानमाल की भारी क्षति होगी।इसके पूर्व में 1980 में भी बांध बांधने की शुरूआत की गई थी और जमीन का भुगतान भी किया गया था पर किसानों के विरोध के बाद काम रोक दिया गया।फिर से तकरीबन चौआलीस वर्षों बाद एक बार फिर बांध बनाने का काम शुरू किया गया है,जिसका भारी विरोध किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि इसको लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय व जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर बांध का काम नही रुका तो हमलोगों आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।सरकार किसानों को मदद करने का काम करे।वही पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी ने बताया कि नदी के किनारे बांध बना देने से वहां की जमीन बर्बाद हो जाएगी। साथ ही कैथवलिया भवानीपुर सपहां मेंहवा मधूमलती कपरसंडी मोखलिसपूर गोबरी,सिसवनियां, मोहम्मदपुर खैरी और खैरा घाट सहित करीब दो दर्जन से ज्यादा गांव की बड़ी आबादी विस्थापित हो जायेगे।

अपनी किडनी के लिए चलें का संदेश देकर वॉकथॉन का किया आयोजन

संवाददाता

कोलकाता। नेफ्रोकेयर इंडिया, अपने समृद्धशाली अस्तित्व के तीन साल पूरे करने पर गर्व महसूस कर रहा है। संस्थान का कहना है कि, रिसर्च में पाया गया है कि, रोजाना नियमित 30 मिनट तेज चलने से हमारे शरीर में किडनी स्वस्थ रहती है, इसे ध्यान में रखते हुए हमने इस सुनहरे मौके पर स्वास्थ्य के लिए चलें, अपनी किडनी के लिए चलें का संदेश लोगों तक पहुंचने के लिए हम वॉकथॉन का आयोजन कर रहे हैं।

एक वॉकथॉन जिसमें लगभग 400 प्रतिभागियों के साथ समाज की कई मशहूर हस्तियां भी इसमें शामिल हुईं, जिन्होंने इस स्वस्थ अभ्यास के विचार को फैलाने के लिए उनके कदम मिलाए। यह वॉकथॉन नेफ्रोकेयर से शुरू हुई और होटल गोल्डन ट्यूलिप पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक डॉ. प्रतीम सेनगुप्ता का संदेश प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम में समाज की कई प्रतिष्ठित हस्तियों में डॉ. प्रतीम सेनगुप्ता (नेफ्रो केयर के संस्थापक एवं निदेशक), राम कृष्ण जायसवाल (मालदीव के वाणिज्य राजदूत), अरिंदम सिल (अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक), पियाली बसाक (पर्वतारोही), आशीष मित्तल (गोल्डन ट्यूलिप होटल के निदेशक) के साथ कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे।

नेफ्रो केयर के संस्थापक और निदेशक, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रतीम सेनगुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हम अपनी स्थापना की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, हमने किडनी रोग की रोकथाम और इसके उपचार की दिशा में काम करते हुए तीन सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। भारत जैसे देश के लिए, जो संसाधनों की कमी से जूझ रहा है, एसी स्थिति में नेफ्रोकेयर हमारे लिए सही मंत्र और एकमात्र गंतव्य स्थल बन गया है। नेफ्रोकेयर में हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर रोज 30 मिनट तेज चलना हमारे शरीर में हमारी बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान कर सकता है।

नेफ्रोकेयर इंडिया ने अपनी तीसरी वर्षगांठ के मौके पर देश भर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और आने वाले वर्षों में करीब दस लाख लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए 300 व्यापक और समग्र किडनी देखभाल इकाइयों की स्थापना करके किडनी के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया हैं।

नेफ्रोकेयर रोगियों का एक अनोखे तरीके से इलाज करता है, और इसका मिशन किफायती लागत पर व्यापक और दयालु देखभाल प्रदान करना है। हमारी प्रयोगशाला जांच हमें हमारी शारीरिक बीमारियों के बारे में जानकारी देती है।

पार्षदों ने जलाया कार्यपालक अभियंता का पुतला

भागलपुर। विभिन्न मांगों को लेकर भागलपुर नगर निगम में पार्षदों ने सोमवार को ढोल नगाड़ों के साथ नगर निगम के कार्यपालक अभियंता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और में जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान पार्षदों द्वारा कार्यपालक अभियंता का पुतला दहन किया गया। पार्षदों का आरोप है कि विकास के कार्य में लगातार कार्यपालक अभियंता के द्वारा अवरोध खड़ा किया जाता है और विकास के कार्यों में बाधा डाली जाती है। पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। जिसको लेकर काफी समय से पार्षदों के बीच आक्रोश देखा जा रहा था और आज पार्षदों के द्वारा हाथ में कट आउट, ढोल नगाड़ा बजाकर विकास के लिए अवरोधक कार्यपालक अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान पार्षदों ने कार्यपालक अभियंता को तत्काल नगर निगम से हटाने की मांग की। पार्षदों ने स्पष्ट रुप से कहा कि तत्काल ऐसे कार्यपालक अभियंता को हटाया जाए जो विकास के कार्य में लगातार बाधा डालने का काम कर रहे हैं।

जीवन के चहुमुखी विकास का सबसे बड़ा माध्यम है खेलः डॉ. अनुज

एजेंसी

नवादा। नवादा नगर के हरिशचंद्र स्टेडियम में आयोजित स्टेडियम प्रीमियर लीग का पांचवा संस्करण का आरंभ सोमवार को हुआ। आयोजन का उद्घाटन नवादा जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद ,समाजसेवी सह मॉडर्न समूह के निदेशक डॉ अनुज ने फीता काटकर किया टूनामेंट का आयोजन देव जीत भारद्वाज एवं चैलेंजर टीम के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 20 टीमें भाग ले रही है। प्रत्येक मैच 16 - 16 ओवर का होगा और फाइनल मैच 20 ओवर का रहेगा। उद्घाटन मैच पकरीबरामा बनाम पार नवादा था। इस मैच का आगाज करने पहुंचे डॉ अनुज ने सबसे पहले बारी-बारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय हाथ मिलाकर किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज नवादा जैसे छोटे शहर से भी निकल कर क्रिकेट में खिलाड़ी अपना नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं । इस तरह का आयोजन से खेल प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ता है। खेल जीवन विकास का सबसे बड़ा माध्यम भी है। सभी खिलाड़ियों एवं आयोजक को धन्यवाद दिया। इस टूनामेंट के मुख्य आयोजक में से देवजीत भारद्वाज एवं वार्ड नंबर 15 के वार्ड सदस्य बिल्लू चौधरी का योगदान सराहनीय रहा। टूनामेंट के प्रायोजक में से सुभाष ज्वेलर्स,क्षितिज फार्मा एवं नवादा जिले के प्रसिद्ध मिष्ठान दुकान गणपति स्वीट्स का भी सहयोग प्रशंसनीय रहा।

विजय दिवस पर कोलकाता आये 'आक्षेप' मुक्ति योद्धा ने कहा

बांग्लादेश की स्थिति के बारे में अगली पीढ़ी को ठीक से नहीं सिखा सके

संवाददाता

कोलकाता। विजय दिवस के मौके पर 8 मुक्ति योद्धा कोलकाता आये। उनमें से कुछ के अनुसार बांग्लादेश की स्थिति के बारे में वे अगली पीढ़ी को ठीक से नहीं सिखा पाए होंगे। हालाँकि, कुछ लोग सोचते हैं कि अवामी लीग सरकार के पतन के बाद भी बांग्लादेश अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। गौरतलब है कि सोमवार के कार्यक्रम में बांग्लादेश के एक ब्रिगेडियर जनरल मौजूद थे। हालाँकि, फोर्ट विलियम कार्यक्रम में बांग्लादेश का कोई भी राजनयिक प्रतिनिधि नजर नहीं आये।

भारतीय सेना हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाती है। मुक्ति योद्धा की समाप्ति पर पाक सेना के आत्मसमर्पण के दिन फोर्ट विलियम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहां बांग्लादेशी राजनयिक अधिकारियों, सेना प्रमुखों और स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रित किया गया था। लेकिन अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से जिस तरह से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक उत्पीड़न बढ़ा है, उसका असर ढाका-नई दिल्ली द्विपक्षीय रिश्ते पर भी पड़ा है। सुनने में आया था कि फोर्ट विलियम में बांग्लादेश के प्रतिनिधियों के बिना ही विजय दिवस मनाया जा सकता है।

हालाँकि, अंत में 8 स्वतंत्रता सेनानी विजय दिवस के अवसर पर कोलकाता आये। पता चला है कि वे शादी समारोह से लेकर खास टैटू समारोह तक हर चीज में हिस्सा लेंगे। बदलते बांग्लादेश के अनुभव के बारे में बात करते हुए एक स्वतंत्रता सेनानी ने कहा कि शायद उन्हें अगली पीढ़ी को शिखाने में कुछ दिक्कतें आईं। इसीलिए आज बांग्लादेश में ऐसी स्थिति बनी है। शायद पद्मपार के लोगों को यह स्थिति नहीं देखनी पड़ती अगर उन्होंने अपने बच्चों को सही दिशा दी होती। लेकिन एक अन्य स्वतंत्रता सेनानी के मुताबिक, बदलाव के बावजूद बांग्लादेश अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इस तरह कोई समस्या नहीं है। गौरतलब है कि हर साल फोर्ट विलियम में विजय दिवस समारोह में बांग्लादेश के स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रित किया जाता है। विजय दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए वहां के सेना प्रमुख भी अपने परिवार के साथ कोलकाता आये थे।

तीर्थ गोस्वामी महाराज की 100वीं जयंती के अवसर पर वैष्णव समागम

संवाददाता

कोलकाता। निखिल भारत श्रीचैतन्य गौड़ीय मठ के संस्थापक और आचार्य, नित्यलीला प्रविष्ट त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज के प्रिय शिष्य, त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति बल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज, संस्थान के पूर्व अध्यक्ष और आचार्य तथा विश्ववैष्णव राज सभा के पूर्व अध्यक्ष थे। वह ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन ऑफ कृष्णा चैतन्य यूनिवर्सल लव (गोकुक) के संस्थापक भी थे।

उनकी दिव्य जन्मशताब्दी समारोह-2024, हावड़ा जिले के उलुबेरिया शहर के करातबेड़िया गांव के यूनाइटेड भाटर मैदान में दो दिनों तक आयोजित हुआ। इस समारोह में वृंदावन, पुरी, मायापुर और भारत के विभिन्न हिस्सों से 2 लाख से अधिक भक्त, 1,300 संन्यासी और 55 आचार्य उपस्थित थे।

त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति बल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज का जन्म 14 अप्रैल 1924 को असम के गोलपाड़ा जिले में माता सुधांशु बाला देवी और पिता धीरेंद्र कुमार गुहा रॉय के घर हुआ। बाल्यकाल से ही वे भगवान की आराधना में विशेष रुचि रखते थे। 1947 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर करने के बाद, उन्होंने अपने गुरुदेव श्रील भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। तभी से वे गुरु, वैष्णव और भगवान की सेवा में निरंतर लगे रहे।

23 अक्टूबर 1961 को, अपने गुरुदेव से त्रिदंडी संन्यास प्राप्त कर, वे त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति बल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज के नाम से अलंकृत हुए। 1979 में अपने गुरुदेव के प्रकट न रहने पर, वे संस्थान के आचार्य पद पर आसीन हुए और 38 वर्षों तक भारत और विदेशों में भ्रमण कर श्रीमन्महाप्रभु के संदेश का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने निष्ठा और लगन के साथ मानव कल्याण के लिए सेवा की।

दो दिवसीय जन्मशताब्दी समारोह रविवार को करातबेड़िया गांव में भुवनमंगल श्री हरिनाम संकीर्तन के साथ प्रारंभ हुआ। भक्तिभाव से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में संन्यासी और आचार्यों के साथ हरिनाम संकीर्तन किया गया। सुबह 10 बजे, महाराज के मंदिर में महाभिषेक, पूजा और मंगला आरती संपन्न हुई। दिनभर के इस भक्तिपूर्ण कार्यक्रम में सभी जाति, धर्म और समुदाय के लोगों ने दिव्य आनंद और दुर्लभ सुख का अनुभव किया। शनिवार को, करातबेड़िया गांव में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महाराज की मूर्ति को एक सुंदर सजे हुए रथ पर विराजमान किया गया और हजारों भक्तों द्वारा हरिनाम संकीर्तन के साथ रथ खींचा गया। वृंदावन, पुरी और मायापुर से आए संन्यासी और आचार्यों ने इस शोभायात्रा में भाग लिया। पूरा कार्यक्रम निखिल भारत श्रीचैतन्य गौड़ीय मठ के वर्तमान मठाध्यक्ष और आचार्य, पूज्यपाद त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति विचार विष्णु गोस्वामी महाराज के निर्देश में, और श्रीधाम मायापुर स्थित मुख्य श्रीचैतन्य गौड़ीय मठ के मठरक्षक त्रिदंडीस्वामी श्रीमद्भक्ति वैभव नारायण महाराज की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

बिहपुर विस भाजपा का 15 दिवसीय बूथ कमेटी प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

एजेंसी

भागलपुर। जिले में बिहपुर प्रखंड के एनडीए कार्यालय बिहपुर में सोमवार को 15 दिवसीय बिहपुर विस भाजपा का बूथ कमेटी प्रशिक्षण वर्ग सह सम्मान समारोह की शुरूआत हुई। बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रभुनंदन चौधरी और जिला प्रवक्ता प्रो गौतम ने बताया कि सोमवार को बिहपुर मंडल के मड़वा पश्चिम और धरमपुररत्ती पंचायत बूथ कमेटी प्रशिक्षण वर्ग सह सम्मान समारोह हुआ। प्रथम पाली में दिनेश यादव और दूसरी पाली में प्रो.गौतम ने प्रशिक्षण वर्ग का संचालन किया। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी प्रेमरंजन पटेल, जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद समेत कन्हाई आदि की विशेष उपस्थिति थीक बताया गया कि मंगलवार को नारायणपुर मंडल के जयपुर चूहड़ पश्चिम और रायपुर बूथ कमेटी का प्रशिक्षण व सम्मान होगा। वहीं इस प्रशिक्षण वर्ग सह सम्मान सम्मान समारोह में उपस्थित बिहपुर विधानसभा के विधायक ई.शैलेंद्र ने कहा कि यह प्रशिक्षण पांच जनवरी तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन दो/पंचायत बूथ कमेटी को दो पालियों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बूथ कमेटी को पन्ना प्रमुख, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख, बीएल टू समेत बूथ के प्रमुख बनाने और उसके कार्यों की जानकारी दी जा रही है। बूथस्तर पर जाति और सामाजिक समीकरण समेत कितने वोटर मतदाता सूची से हैं और कितने नहीं जुड़े हैं उसका पूरा खाका/ब्यौरा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

राशन कार्ड की समस्याओं का समाधान किया जाएगा : अनंत

संवाददाता

गढ़वा। भवनाथपुर विधानसभा से झामुमो के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव के सम्मान में विशुनपुरा प्रखंड में भव्य स्वागत सह आभार यात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए झारखंड के विकास में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा की झामुमो पार्टी ने झारखंड में प्रचंड बहुमत हासिल किया है, जबकि भाजपा ने केवल समाज को धर्म के नाम पर बांटने की राजनीति की।

चुनाव के दौरान मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचते हुए मांस फेंकवाने जैसी ओछी हरकतें की गईं, लेकिन जनता ने इन सबको नजरअंदाज कर मुझे अपना आशीर्वाद दिया। विधायक अनंत प्रताप देव ने घोषणा की कि झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 1,000 की बजाय 2,500 दिए जाएंगे। उन्होंने विशुनपुरा प्रखंड में अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र को सड़क, शिक्षा और प्रशासनिक विकास से जोड़ने का काम किया है। 2009 में जब विधायक बना था, तब विशुनपुरा सबसे पिछड़ा प्रखंड था। इसे नगर, मझिआंव और अन्य क्षेत्रों से पक्की सड़कों के जरिए जोड़ा गया। विशुनपुरा में 5 एकड़ जमीन देकर थाना और ब्लॉक का निर्माण कराया गया।

उन्होंने विकास योजनाओं का वादा करते हुए कहा कि गांवों में तालाब सुंदरीकरण, सड़कों का निर्माण और जरूरतमंदों के राशन कार्ड की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त अन्याय और भ्रष्टाचार के प्रतीकों को खत्म करने की बात कही। झामुमो नेताओं का संबोधन झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि पार्टी ने लोगों का विश्वास जीतकर यह चुनाव जीता है। उन्होंने वादा किया कि अगले पांच वर्षों में क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा।जो वादे किए हैं, वे पूरे किए जाएंगे। भाजपा ने जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की, लेकिन जनता ने इसे नकार दिया। इससे पहले विधायक अनंत प्रताप देव ने मुख्यालय में पैदल मार्च कर लोगों का आभार प्रकट किया।

इसके बाद विष्णु मंदिर पहुंचकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने उन्हें भगवान की तस्वीर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, शिवबचन यादव, संजय गुप्ता, बलराम, नारायण शर्मा, ज्वाला प्रसाद, गौरीशंकर गुप्ता, अजय यादव, शिवप्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

शिक्षक छठु पांडे की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा व शांति भोज में सैकड़ों लोग हुए शामिल

संवाददाता

मेदिनीनगर। अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय के पिता अवकाश प्राप्त शिक्षक छठु पांडेय का प्रथम पुण्यतिथि उनके निवास स्थान पर मनाया गया। जहां काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।वही उनके याद में दो मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजलि एवं शांति भोज कार्यक्रम में बरिष्ट महिला अधिवक्ता वीणा मिश्रा ने कहा कि छठु पांडेय जी एक नेक दिल इंसान थे। वे दिखावे में विश्वास नही करते थे। उन्होंने कहा कि अपने सेवा काल मे उन्होंने कई बच्चों के भविष्य गढ़ने का काम किया है।आज वे हम सबो के बीच नही है, परन्तु उनका कृतित्व हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने एक वाक्या का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पति डॉ बी एन मिश्र इस घर के फैमिली डॉक्टर रहे हैं। इसलिए इस परिवार से 40 बर्ष पुराना सम्बन्ध रहा है। इस मौके पर अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि मेरे पिताजी सहयोगी लिप्सा रहित व कर्मयोगी थे। वे दूसरे बच्चे को भी उतना ही प्यार देते थे जितना मुझे देते थे।अपने सेवा काल में कई गरीब दीन हीन विधार्थी को अपने डेरा में रखकर पढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी हूं। माता पिता के आशीर्वाद से हूं। इस मौके पर सुनील पाण्डेय ,शिक्षक, रामकुमार, बिंदु पांडेय, अधिवक्ता गोपाल, रामयज्ञ, सचिदानंद, रामाश्रय, धरणीधर, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

पंचायत भवन में आधार शिविर का आयोजन

लातेहार। महुआडांड एसडीओ बिपिन कुमार दुबे के निर्देश पर नेतरहाट पंचायत भवन में रविवार को एक आधार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड बनाने, अपडेट करने या खोए हुए आधार कार्ड को दोबारा बनवाने में सहायता प्रदान करना था। शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंड कार्यालय में कार्यरत आधार ऑपरेटर ने मौके पर आए ग्रामीणों का आधार अपडेट, और नया आधार बनाया गया। वहीं शिविर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को आधार कार्ड से जुड़ी सभी जानकारी दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया। एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने शिविर का निरीक्षण किया साथ ही बताया कि इस शिविर के माध्यम से लोगों को अपने घर के पास ही आधार कार्ड से संबंधित काम करवाने का मौका मिला। भविष्य में इस तरह के शिविर अन्य पंचायतों में भी आयोजित किए जाएंगे।

घर के रेलिंग से गिरकर दो मजदूर घायल

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मोहल्ला में एक व्यक्ति के घर के रेलिंग से गिर कर दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल मजदूर पांकी थाना क्षेत्र के डेमा गांव निवासी रविंद्र साव और संजय पासवान ने बताया कि सोमवार की सुबह दोनों व्यक्ति हमीदगंज एक व्यक्ति के घर मजदूरी का काम करने गए थे। घर के रेलिंग पर चढ़ कर दोनो काम कर रहे थे। इसी बीच घर का जर्जर रेलिंग के साथ दोनो गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद मकान मालिक के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी रविंद्र साव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर दोनो घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

पुलिस ने स्प्रिट और शराब किया बरामद

मेदिनीनगर। पलामू एसपी के निर्देश पर हरिहरगंज थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में स्प्रिट और अवैध शराब बरामद किया है। इस संबंध में हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में बंद पड़ा सरकारी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से स्प्रिट और अवैध शराब रखा गया है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा स्कूल में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में पुलिस ने बंद पड़े स्कूल से 7 गैलन स्प्रिट और अवैध शराब बरामद किया।वही स्कूल से शराब और स्प्रिट बरामद होने के बाद पुलिस द्वारा धारा 274/275/292 भारतीय न्याय संहिता एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध अंकित किया गया है।

मानसिक तनाव में आकर 20 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गावा टोला चट्टीपर निवासी धर्मेंद्र साव की पत्नी रिंकी देवी उम्र 20 वर्ष रविवार की दोपहर करीब 3:00 बजे मानसिक तनाव में आकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक के ससुर अशोक साव ने बताया कि मृतक रिंकी देवी के पति मेरा बेटा धर्मेंद्र साव सूरत कपड़ा फैक्ट्री में काम करता है। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त हमभी घर पर नहीं थे। मजदूरी करने गए थे। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिला की आपकी पुतोह पिंकी देवी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद हम घर पहुंचे तो देखा की रिंकी एक घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

विधायक आलोक चौरसिया से मिली पुलिस एसोसिएशन की टीम

मेदनीनगर। पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन की संयुक्त टीम सोमवार को विधायक आलोक चौरसिया से मिलने शाहपुर उनके आवास पर पहुंचे। आवास पर पहुंचकर पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार, सचिव लालू, कोषाध्यक्ष विक्रांत, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी , केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल, प्रदेश संयुक्त सहायक महामंत्री लालेश्वर राम ने विधायक आलोक चौरसिया को बुके देकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान पुलिस मेंस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने शहीद पुलिस जवान के परिवार की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। उन्होंने विधायक को बताया कि हर वर्ष पलामू जिला में शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दौरान शहिद दिवस पर शहिद के बूढ़े माता-पिता व परिजन मेदिनीनगर पुलिस लाइन पहुंचते हैं।

बस स्टैंड हो शहर से बाहर, टेंपू चालकों की मांग जायज : रूचिर

जिला प्रशासन पहल कर जल्द टेंपू चालकों से तोड़वाए हड़ताल : भाकपा

संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूईंया ने भी हड़ताल पर बैठे टेंपू चालको का समर्थन किया मुलाकात किया और जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि आज चौथे दिन से हड़ताल पर बैठे टेंपू चालकों का जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक वार्ता न करना आश्चर्य से परे है।टेंपू चालकों के हड़ताल के चलते आम नागरिकों, पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं ,वयवसायिक भाइयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही निगम एवं जिला प्रशासन टेंपो चालकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। गांव से चलने वाला टेंपो अगर शहर में नहीं आएगा तो कमाऐगा कैसे।वही शहर के बीचों बीच तीन-तीन बस स्टैंड लगा हुआ है निगम प्रशासन पहले इन सभी बस स्टैंड को शहर से बाहर या बैरिया में शिफ्ट करें तभी जाम से मुक्ति मिलेगी। टेंपो चालक सभी गरीब एवं मिडिल क्लास के लोग हैं जिनका रोजी रोटी का एकमात्र साधन टेंपो चला कर ही कमाना है और आज 4 दिन से हड़ताल पर बैठने से उनका जन जीवन में प्रभावित हो रहा है सभी टेंपो लोन पर है किस्त भरना मुश्किल हो रहा है। ऐसी स्थिति में निगम प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए टेंपो एवं टेंपो चालकों को बली का बकरा ना बनावे अगर शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड रहेगी तो टेंपो भी शहर में ही चलेगी।

बैरिया में बस स्टैंड भेजने का प्रारूप आज से 20 वर्ष पहले ही तैयार कर लिया गया था लेकिन निगम प्रशासन के नाकामी के चलते अभी तक बस स्टैंड बैरिया नहीं गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद यथावत पूर्व के तहत टेंपो चालकों के जायज मांगों को सुने ताकि वह सुचारू रूप से टेंपो चला कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सके।

टमाटर लदा ट्रक पलटा, दो घायल

गढ़वा। जिले में कोयल नदी के पास लापो मोड़ पर फोर लेन बड़क पर एक टमाटर से लदा मालवाहक गाड़ी पलट गई। हादसा बाइक को बचाने के प्रयास में हुआ। गाड़ी अंबिकापुर से हरिहरगंज की ओर जा रही थी।घटना दोपहर करीब 3:30 बजे की है। चालक और खलासी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायलों के नाम और पते अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं, और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के बाद रोड पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। हालांकि, पुलिस की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।पुलिस ने कहा कि जांच के बाद हादसे की सही वजह स्पष्ट हो पाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति और तीखे मोड़ के कारण इस क्षेत्र में ऐसे हादसे होते रहते हैं।

पांच वर्षीय बालक की रहस्यमय मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता

गढ़वा। सदर थाना क्षेत्र के मेढ़ना खुर्द गांव निवासी नागेंद्र पासवान के पांच वर्षीय पुत्र हेमंत कुमार की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के करीब 11 घंटे बाद, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को आदरा नदी के लापो घाट के पास से बरामद किया।पुलिस के अनुसार, हेमंत शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे गांव के कुछ लड़कों के साथ आदरा नदी के लापो घाट पर मछली पकड़ने गया था। वहां बिजली के करंट का उपयोग कर मछली पकड़ी जा रही थी। इसके बाद से हेमंत लापता हो गया।

परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। देर शाम जब परिजन दोबारा नदी के पास पहुंचे, तो 500 मीटर दूर खजूर की झाड़ियों में एक बोरे में उसका शव फंसा हुआ मिला। मृतक के परिजनों ने हेमंत की हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उनका कहना है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं है, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत हत्या की गई है।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का दौरा किया और मामले की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।

शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।यह मामला क्षेत्र में सनसनी फैलाने वाला है और पुलिस की जांच से ही हेमंत की मौत की गुत्थी सुलझने की उम्मीद है। परंतु जिस प्रकार से बोर में बंद हालत में शव मिला है। वह हत्या अथवा साक्ष्य छिपाने की ओर इशारा कर रहा है।

अपनी मांगों को लेकर ऑटो चालक हड़ताल पर

संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के आह्वान पर आज भी पलामू जिले के सभी ऑटो चालक हड़ताल पर हैं। जिसके वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के हर चौक चौराहे पर यात्री पैदल चलते नजर आ रहे हैं। वही झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आये दिन ऑटो चालक, ई रिक्शा वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार एवं शोषण किया जाता है।यातायात व्यवस्था में हुए फेरबदल को लेकर उनकी हड़ताल अनिश्चितकालीन चलेगी। चालकों ने बताया कि ऑटो सतबरवा, लेस्लीगंज और छतरपुर से चलता है, उसे भी निगम क्षेत्र के बाहर ही रोक दिया जा रहा है।यात्रियों को दूसरे ऑटो से शहर में जाना पड़ रहा है।जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।निगम क्षेत्र से बाहर पोखराहा मोड़ पर न तो यात्री शेड की व्यवस्था है न ही पानी की और न ही शौचालय की व्यवस्था है।

छात्र-छात्राओं को कोचिंग जाना हो या आम जनों को निजी कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र से शहर में जाने के लिए दो-दो ऑटो बदलना पड़ रहा है। जिसको लेकर यात्रियों की परेशानी बढ़ गयी है। इस कारण ऑटो चालक की आमदनी भी कम हो गयी है। इस संबंध में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि शहर में जाम की समस्या को देखते हुए नगर निगम के द्वारा टेंपो चालकों के लिए सभी क्षेत्र के लिए रूट निर्धारित कर दिया गया है। उस रूट निर्धारित का पालन ऑटो चालक नहीं कर रहे हैं। जिसके वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही रूट निर्धारित होने के बाद से ऑटो चालक मनमाने ढंग से यात्रियों से पैसे वसूल रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के निर्णय से शहर में अब जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हो रही है। यात्रियों को जो भी परेशानी हो रही है इसका मुख्य कारण टेंपो चालक है।

आग लगने से धान जलकर राख

गढ़वा। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव में रविवार को एक किसान के खलिहान में रखे धान के बोझा और पुआल में अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगा देने से भारी नुकसान हो गया। इस घटना में हजारों रुपये की धान और पुआल जलकर बर्बाद हो गई।जानकारी के अनुसार, किसान हसमत मौलाना और हातिम अंसारी ने अपनी धान की फसल और पुआल खलिहान में रखा था। अचानक खलिहान में आग लगने से धान और पुआल जलने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने आग की सूचना मिलने के बाद मोटर पंप और अन्य साधनों का उपयोग कर आग पर काबू पाया। इस आगजनी में किसानों की धान की फसल और पुआल का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति हुई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित किया प्रश्न

संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से झारखण्ड राज्य में जनजातीय पर्यटन एवं एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को पूछा। श्री राम ने कहा कि यद्यपि की पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की है तथापि केन्द्र सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि 30.44 करोड़ रूपए की राशि झारखंड राज्य को स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित की गयी थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लायी गयी। यदि पूरी तरह से उपयोग में नहीं लायी गयी तो क्या कदम उठाये गए या उठाये जा रहे है ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो और कम उपयोग के क्या कारण है और कठिनाईयाँ क्या है। केन्द्र सरकार के द्वारा 1000 होमस्टे स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत पर्यटन क्षमता वाले गॉवों में विकसित करने की पहल की गयी है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड राज्य के लिए कितने प्रस्तावित है और उसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी है।

यदि ऐसा नहीं किया गया है तो उसके कारण क्या है।उपरोक्त प्रशनों का जवाब देते हुए माननीय मंत्री पर्यटन, भारत सरकार ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार अपने निरंतर किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड राज्य में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ-साथ देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ह्यप्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसीत करने की पहल को भी मंजूरी दी है।

उक्त पहल में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई 5.00 लाख रूपए, नवीकरण के लिए 3.00 लाख रुपए और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए 5.00 लाख रुपए की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

एक सप्ताह से ठंड के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसान भी प्रभावित

संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में पिछले एक सप्ताह से ठंड के कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके के लोगों की दिनचर्या बदल गई है। सुबह होने के बावजूद लोग घर में दूबके रह रहे हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठान के शटर भी देर से खुल रहे हैं। आम आवाम के साथ ही पशु पक्षी भी अपने घोंसले में रहने को मजबूर हो गए। ठंड ने लोगों को घरों में रजाई के अंदर ही रहने को मजबूर कर दिया है। किसानी कार्य भी प्रभावित हुए। व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी नौ बजने के बाद ही खुल रहे हैं। हर ओर ठंड का आलम कायम है। लोग जरूरी कार्य रहने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से लेकर सब्जी मंडी में भी भीड़ गायब हो गई है। इक्के दुक्के चाय दुकानों पर ही लोगों की भीड़ देखने को मिली। सबसे बुरा हाल तो रात में यात्रा करने वाले यात्रियों का देखा गया। बस और ट्रेन के इंतजार में यात्री बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के प्रतिक्षालयों में दुबके दिखे। रांची जाने के लिए लोग ठंड में वाहन के इंतजार करते दिखे। सुबह में पक्षियों की आवाज गुम हो गई है। पशुपालकों को भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पालतु जानवरों को खाने खिलाने में परेशानी हो रही है। शहर के शदिक चौक,कन्नी राम चौक समेत कई चौक-चौराहों पर सुबह होते ही काम की तलाश में मजदूरों की टोली जमा हो जाती है। उन्हें इस ठंड ने काफी परेशान कर दिया है।

लोग अपने स्तर से अलाव की व्यवस्था कर उसका सहारा लेते दिखे। ऐसा ही हाल स्टेशन परिसर, बस स्टैंड तथा अन्य रैनबसेरों में ठहरे लोगों का भी हो रहा है।

सुबह-सुबह सब्जी मंडियों में दुकान सजाने वाले लोगों का हाल भी इस ठंड ने बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान आठ डिग्री तक पहुंच गया है।वही रात में शहर के रिक्शा चालक जो रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है उन्हें भी इस ठंड ने कमाने पर मजबूर कर दिया है।रात में कई रिक्शा चालक को छह मुहान पर अलाव का सहारा लेते देखा गया।

संक्षिप्त खबरें

ब्रिसबेन टेस्ट : बारिश की लुका-छिपी के बीच भारत की खराब शुरुआत, 51 रन पर खोए चार विकेट

ब्रिसबेन। यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने केवल 51 रन पर चार विकेट खो दिये हैं।केएल राहुल 33 और कप्तान रोहित शर्मा बिना खाता खोले नाबाद हैं। इससे पहले आज ऑसेट्रेलिया की पहली पारी 445 रनों पर समाप्त हुई। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। हालांकि इसके बाद बारिश शुरू हो गई और लंच की घोषणा हो गई। लंच के बाद जब मैच शुरू हुआ तो पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई। बारिश जब रूकी तो पंत (09) के रुप में भारत को चौथा झटका लगा। पंत के आउट होने के बाद बारिश शुरू हो गई और चायकाल की घोषणा हो गई। बारिश रूकने के बाद मैच केवल 4 ओवर को ही हो सका और फिर बारिश शुरू हो गई, जिसके बाद दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्रिकेट करियर के दौरान मिले प्रेम, उत्साह और अविस्मरणीय यादों के लिए अपने साथियों, कोचों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उस खेल का समर्थन और जश्न मनाना जारी रखूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। इरफान 36 घंटे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तीसरे पाकिस्तानी क्रिकेटर हैं। 42 वर्षीय इरफान लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में सक्रिय हैं, हाल ही में वे प्रेसिडेंट कप में खान रिसर्च लैबोरेटरीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इरफान ने पाकिस्तान के लिए चार टेस्ट मैच, 60 एकदिवसीय और 22 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में 10 विकेट, 60 एकदिवसीय मैचों में 83 और टी-20 में 16 विकेट लिए।

खो–खो को वैश्विक स्तर पर जाते देखकर खुश हैं कोच सुमित भाटिया

हम देख सकते हैं कि हमारा सपना पूरा हो रहा है : सुमित भाटिया

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय टीम के कोच सुमित भाटिया 13-19 जनवरी, 2025 तक होने वाले खो-खो विश्व कप के पहले संस्करण के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भाटिया के पास जीतने वाले एकमात्र मुख्य कोच होने का एक विशिष्ट रिकॉर्ड है। दो बार एशियन चैंपियन रह चुके सुमित का मानना है कि यह ऐतिहासिक कदम खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने और वैश्विक पहचान दिलाने में मदद करने के सपने के साकार होने का संकेत है।

दिल्ली सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद, सुमित भाटिया 2016 और 2023 एशियाई खो-खो चैम्पियनशिप जीत सहित विभिन्न भारतीय टीमों की सफलताओं का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने नसरीन शेख और सारिका सुधाकर काले जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है। ये दोनों अर्जुन अवॉर्डी रहे हैं। नसरीन जो विश्व कप शिविर का भी हिस्सा हैं, एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो एशियाई चैंपियनशिप खेली हैं और स्वर्ण पदक जीता है। कोच-छात्र की जोड़ी अब वैश्विक आयोजन के लिए तैयारी कर रही है। खो-खो विश्व कप की शुरूआत की यात्रा कैसे शुरू हुई, इस पर कोच ने कहा हमने 2020 में कोविड होने से पहले यहां एक अंतरराष्ट्रीय शिविर का आयोजन किया था। 16 देशों के कोच और खिलाड़ी यहां आए थे और हमने उन्हें प्रशिक्षण दिया था। अब वे विश्व कप के लिए यहां आएंगे लेकिन यह अभियान उस शिविर में शुरू हुआ।

उन्होंने आगे कहा लगभग 30-35 देश टूर्नामेंट खेलने के इच्छुक थे लेकिन हमने पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए सर्वश्रेष्ठ 20 टीमों को चुना। कुछ देशों में एकल टीमें हैं जबकि कुछ में दोहरी टीमें हैं लेकिन टूर्नामेंट में कुल 24 देश भाग लेंगे। खो-खो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना हमारा सपना था और अब हम देख सकते हैं कि हमारा सपना पूरा हो रहा है।" उन्होंने अल्टीमेट खो-खो लीग के लॉन्च की भी सराहना की और बताया कि कैसे फ्रेंचाइजी-आधारित मॉडल ने खिलाड़ियों और कोचों को पहचान हासिल करने में मदद की है, साथ ही जमीनी स्तर की प्रतिभा को भी आगे लाया है। भाटिया ने कहा जब अल्टीमेट खो-खो लीग शुरू हुई, तो मैं तेलुगू योद्धाओं के साथ उनके मुख्य कोच के रूप में जुड़ गया और हमने फाइनल भी खेला। लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को एक्सपोजर मिला है और यह सिर्फ वित्तीय नहीं है। पहले हम खो-खो कोच होने की बात स्वीकार करने में झिझकते थे लेकिन आज हमारे खिलाड़ी हमें अपने कोच के रूप में पेश करते हैं।

उन्होंने कहा लीग को इतना कवरेज मिला कि हम जहां भी जाते हैं, खिलाड़ियों से ऑटोग्राफ के लिए संपर्क किया जाता है। इसलिए लीग के मंच ने कोचों और खिलाड़ियों दोनों के लिए एक नई दुनिया की शुरूआत की और अब न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया हमें जानती है। पहले हम लोगों को अपने खेल के बारे में बताते थे लेकिन अब वे जानते हैं कि खो खो और अल्टीमेट खो खो लीग क्या है और वे तीसरे सीजन का भी इंतजार कर रहे हैं।'

सुमित शर्मा ने की बल्लेबाजी, लाइफ केयर ने जीता मैच

लखनऊ। बी.बी. गुप्ता मेमोरियल ट्राफी के लीग मैच में लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने दयानंद यंग मेंस एसोसिएशन को छह विकेट से मात दे दी। इस मैच में लाइफ केयर के बल्लेबाज सुमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाये। दयानंद यंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 133 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज इशान गुप्ता मात्र आठ रन बनाकर आउट हो गये। वहीं विदित जोशी ने अपनी टीम में सर्वाधिक दो चौका और दो छक्का की मदद से 51 रन बनाये। लक्ष्य तिवारी ने 21 रन का योगदान दिया। वहीं अभिजय सिंह ने 18 रन बनाये। वहीं लाइफ केयर ने चार विकेट गंवाकर 134 रन बना लिये और मैच को छह विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सुमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 56 बाल पर 57 रन बनाये। वहीं गौरव यादव ने 15 रन का योगदान दिया, जबकि अरबाज ने 14 रन बनाये।

शाकिब अल हसन को अंतरराष्ट्रीय मैचों में गेंदबाजी से किया गया निलंबित

नई दिल्ली। एजेंसी

शाकिब अल हसन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय महासंघों द्वारा संचालित सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है, चाहे वह घरेलू हो या अंतरराष्ट्रीय। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को एक बयान में उक्त जानकारी दी। शाकिब को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया था, और बीसीबी ने कहा कि यह अगला कदम है। बोर्ड ने यह भी कहा कि शाकिब जल्द ही अपने गेंदबाजी एक्शन को मंजूरी दिलाने और निलंबन हटाने के प्रयास में एक मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में पुनर्मूल्यांकन के लिए उपस्थित होंगे।

सितंबर में इंग्लिश काउंटी क्रिकेट मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किए जाने के बाद, शाकिब इस महीने की शुरुआत में यूके में आईसीसी द्वारा मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र, लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अपने गेंदबाजी एक्शन के स्वतंत्र मूल्यांकन में विफल रहे।

इसके बाद ईसीबी ने कार्रवाई की और, अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए आईसीसी के नियमों के खंड 11.3 के अनुसार, जब कोई राष्ट्रीय महासंघ किसी खिलाड़ी को अपनी घरेलू प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित करता है, तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आईसीसी द्वारा निलंबन को स्वचालित रूप से मान्यता दी जाती है और सभी राष्ट्रीय क्रिकेट महासंघों द्वारा उनकी संबंधित घरेलू प्रतियोगिताओं में लागू किया जाता है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए राशिद की अफगानिस्तान टेस्ट टीम में वापसी

काबुल। एजेंसी

अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान तीन साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें जिम्बाब्वे में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। राशिद ने इससे पहले कमर में चोट के कारण मेडिकल सलाह पर लंबे फॉर्मेट से ब्रेक लिया था। राशिद ने अपना आखिरी टेस्ट भी जिम्बाब्वे के खिलाफ मार्च 2021 में अबू धाबी में खेला था। टीम में ऑलराउंडर इस्मत आलम, बाएं हाथ के स्पिनर जहीर शहजाद और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद अफगान सहित सात अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। तीनों को उनके मजबूत घरेलू प्रदर्शन का इनाम मिला है और वे अजमतुल्लाह उमरजई, फरीद अहमद, रियाज हसन और सेदिकुल्लाह अटल के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। हालांकि, उमरजई, फरीद और रियाज सभी न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा थे, जो इस साल की शुरूआत में सितंबर में एक भी गेंद फेंके बिना धुल गया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अंतरिम मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने एक बयान में कहा राशिद खान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जो हमारे लाल गेंद के खेल के लिए एक आशाजनक संकेत है।

टाइम्स आफ इंडिया को हराकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जीता खिताब

लखनऊ। एजेंसी

मैन ऑफ द मैच मयूर शुक्ला (93 रन, 4 विकेट) के दमदार आलराउंड खेल की सहायता से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 2024-25 में खिताबी जीत दर्ज की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने टाइम्स ऑफ इंडिया को 63 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा बरकरार रखा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारत 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन का स्कोर बनाया। मयूर शुक्ला ने 62 गेंदों पर 8 चौके व 3 छक्के से 93 रन की पारी खेली। देवेश पाण्डेय ने 46 गेंदों पर 4 चोके से 49 रन बनाए। जवाब में टाइम्स ऑफ इंडिया 16.2 ओवर में 95 रन पर आल आउट हो गया। ऋषि सिंह सेंगर (14), राजीव श्रीवास्तव (11), जुहैब (18) व शलभ सक्सेना (13) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। मयूर शुक्ला ने 4 विकेट अपने नाम किए। तरुण सिंह को 2 विकेट मिले। विशिष्ट पुरस्कारों में मैन ऑफ द टूर्नामेंट मयूर शुक्ला, सर्वश्रेष्ठ बैटर देवेश पाण्डेय व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विमलेश कुमार चुने गए।

एलएसजेए के रजत जयंती वर्ष पर कई दिग्गजों को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

एलएसजेए के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छह पूर्व क्रिकेटरों व 6 पत्रकारों व क्रिकेट कोचेज को खेल में उनके योगदान को देखते हुए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। इसमें पूर्व क्रिकेटरों में यूसफ अली, मजहर अली, उबैद कमाल, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, रत्नेश मिश्रा, प्रियंका शैली, पत्रकारों में प्रदीप दुबे, राजेंद्र कात्यायन, राकेश शुक्ला, सुफल भट्टाचार्य, विनोद पांडेय, अब्बास रिजवी और कोचेज में गोपाल सिंह, शोएब कमाल, विश्वजीत सिन्हा, संकल्प सिंह, राहुल गुप्ता को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष तीरंदाजों में दीपिका, अंकिता भक्त, धीरज शामिल

जमशेदपुर। एजेंसी

व्यस्त 2025 कैलेंडर से पहले दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त, बी धीरज, अभिषेक वर्मा और अदिति स्वामी सहित देश के शीर्ष तीरंदाज सोमवार से यहां शहर के मध्य स्थित गोपाल मैदान में शुरू होने वाली साल की अंतिम राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में खुद को परखेंगे। सबसे उल्लेखनीय अनुपस्थिति प्रतिष्ठित कंपाउंड तीरंदाज वी. ज्योति सुरेखा की होगी, क्योंकि एथलीट और उनकी राज्य इकाई, आंध्र प्रदेश तीरंदाजी संघ के बीच मतभेद हैं। ओलंपिक में एक और निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, दीपिका ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में विश्व कप फाइनल में रजत पदक हासिल कर- के कुछ सम्मान हासिल किया और वह साल का समापन अच्छे नोट पर करना चाहेंगी। धीरज, जिन्होंने अंकिता के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक की मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया था, के लिए राष्ट्रीय स्पर्धा अगले ओलंपिक के लिए उनकी तैयारियों की शुरूआत है।

व्यापार

बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों को 62 हजार करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को ज्यादातर समय दबाव बना रहा। कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से कुछ देर के लिए बाजार में मजबूती आती हुई नजर आयी, लेकिन इसके बाद बिकवाली का जोर बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार दबाव में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

पूरे दिन के कारोबार के बाद फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और पीएसयू बैंक इंडेक्स में तेजी बनी रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी होती रही। दूसरी ओर, आईटी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और पीएसई इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.04 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

स्टॉक ब्रोकर्स ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी

आनंद राठी समूह की ब्रोकरेज शाखा आनंद राठी शेयर और स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह समूह इस आईपीओ के जरिए 745 करोड़ रुपये जुटाना चाहता है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार आनंद राठी समूह की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 550 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी को आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। कंपनी के इक्विटी शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का 5 रुपये के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये तक के शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी के इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। यह इश्यू बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध इश्यू का 50 फीसदी से अधिक योग्य संस्थागत खरीदारों को आवंटित नहीं किया जाता है।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोने-चांदी की कीमत घटी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में गिरावट आने से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये से लेकर 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये से लेकर 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत गिर कर 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली। एजेंसी

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल सांकेतिक बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स लगातार सातवें दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.02 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 6,050.03 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, नैस्डेक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,923.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 43,831.28 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,300.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.15 प्रतिशत फिसल कर 7,409.57 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

संक्षिप्त खबरें

इनोवा वाहन नदी में गिरा, दो लोग घायल

अनंतनाग। अनंतनाग जिले के पहलगाम में एक इनोवा वाहन सड़क से फिसलकर लिद्दर नदी में गिर गया जिससे उसमें सवार दो लोग घायल हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पहलगाम में रविवार देर रात के समय पंजीकरण संख्या जेके01एवी-3800 वाला एक इनोवा वाहन सड़क से फिसलकर लिद्दर नदी में गिर गया। इस हादसे में दो घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को पहले इलाज के लिए पीएचसी पहलगाम ले जाया गया लेकिन शुरूआती उपचार के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए जीएमसी अनंतनाग रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान बांदीपोरा के शादीपोरा निवासी मोहम्मद रफीक भट के बेटे सुहैल अहमद भट और पट्टन के नेहालपोरा निवासी तारिक अहमद खान के बेटे नदीम अहमद खान के रूप में हुई है।

8.54 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

कुल्लू। थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। नशा तस्करी का यह मामला बीती रात उस समय सामने आया जब पुलिस टीम दियार चौक में यातायात चेकिंग पर तैनात थी। पुलिस ने एच पी 34 बी 0986 नंबर की गाड़ी को जांच के लिए रोका। गाड़ी की तलाशी के दौरान चालक के कब्जे से 8.54 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई।

रेलवे ट्रैक पर पाये गये किशोर व किशोरी के शव

प्रयागराज। माण्डा थाना क्षेत्र में चिलबिला गांव के समीप सोमवार भोर में रेलवे ट्रैक पर किशोर एवं किशोरी का शव पाया गया। पुलिस कहना है प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त यमुना नगर विवेक सिंह यादव ने बताया कि मांडा थाना क्षेत्र में चिलबिला गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर सोमवार को एक ही गांव रहने वाले किशोर एवं किशोरी का शव पाया गया। दोनों की पहचान डेगुरपुर निवासी आंचल और तस्लीम के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

खून से लथपथ मिला दो लोग का शव

रामपुर। जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दो लोगों के शव सोमवार को खून से लथपथ मिले। पुलिस ने प्राथमिक जांच में दोनों की हत्या की आशंका जतायी है। घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस का पूरा अमला मौजूद है और आगे की कार्यवाही में जुटा है। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने प्राथमिक जांच के आधार पर हत्या के पीछे रंजिश या लूट की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि घटना के सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

रोहतक में युवक की हत्या कर शव को फेंका

रोहतक। कलानौर थाना के अंतर्गत आते गांव काहनौर में एक युवक की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। हमलावर शव को गांव काहनौर स्थित पटवारखाना के पास फेंक कर फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल व सीन ऑफ क्राईम की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और इस बारे में जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। इस बारे में पुलिस ने कुछ ग्रामीणों से भी पूछताछ की है।

होमगार्ड सैनिक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

राजगढ़। राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के बाराद्वारी मौहल्ले में रहने वाले होमगार्ड सैनिक ने रविवार शाम घर के बाथरुम में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार होमगार्ड सैनिक प्रभूलाल (55)पुत्र जगन्नाथ दांगी निवासी बारद्वारी मौहल्ला राजगढ़ ने घर के बाथरुम में रस्सी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि व्यक्ति होमगार्ड में सैनिक था।

सुबह-सुबह योग-व्यायाम जरूर करें, स्वस्थ रहें : भजनलाल शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार सुबह जयपुर के सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक किया। उन्होंने वॉक के साथ लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' अभियान के संकल्प को साकार करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संदेश दिया। इस दौरान अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग पहले तो आश्चर्यचकित हुए, फिर उनके साथ ही कदमताल मिलाते हुए वॉक करने लगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को सुबह-सुबह योग, व्यायाम या मॉर्निंग वॉक जरूर करना चाहिए जिससे वे स्वस्थ रहेंगे तथा पूरे दिन ताजगी तथा ऊजार्वान रहते हुए काम करेंगे। हर व्यक्ति को फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा देना चाहिए।

फ्लेवर्स ऑफ इंडिया से पारंपरिक शिल्पकला को मिलेगी पहचानः डॉ. मोहन

भोपाल। एजेंसी

- पोषण लाभों और उनकी महत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा
- कदम आने वाली पीढ़ियों को हमारे पारंपरिक खानपान की ओर प्रेरित करेगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में शुरू हुआ 'फ्लेवर्स ऑफ इंडिया कार्यक्रम' एक अद्भुत पहल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की समृद्ध विरासत में निहित स्थानीय खानपान, शिल्पकला और वस्त्र उद्योग की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की यह एक अनूठी कोशिश है।

इसमें भारतीय मूल अनाजों, विशेष रूप से मिलेट्स- जिन्हें 'श्री अन्न' के रूप में भी जाना जाता है, के पोषण लाभों और उनकी महत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह कदम आने वाली पीढ़ियों को हमारे पारंपरिक खानपान की ओर प्रेरित करेगा और स्वास्थ्य के प्रति एक नई जागरूकता लाएगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय खाद्य प्र-संस्करण मंत्रालय द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में आज फ्लेवर्स ऑफ इंडिया-2024 का आयोजन केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय, नीति आयोग, सर्व रिथु सेवा फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। भारतीय खान-पान और परंपरागत परिधानों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की दिशा में यह एक प्रयास है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने वोकल फॉर लोकल के तहत अपने स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खान-पान क्षेत्र में, प्रदेश के हर जिले की विशेषताओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय व्यंजन महोत्सव आयोजित किए हैं। चंदेरी, भोपाल, और मालवा क्षेत्रों के खास व्यंजनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए उन्हें फूड फेस्टिवल्स और अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्त्र उद्योग में, चंदेरी और महेश्वरी जैसे पारंपरिक वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए हस्तशिल्प विकास योजनाएं शुरू की गई हैं। स्थानीय बुनकरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने उत्पाद बेचने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे सीधे अपने ग्राहकों से जुड़ सकें।

हमने लोकल-टू-ग्लोबल के द्दष्टिकोण के साथ इंटरनेशनल टेक्सटाइल एक्सपो भी आयोजित किए हैं। फ्लेवर्स ऑफ इंडिया जैसे आयोजनों के माध्यम से, स्थानीय कारीगरों, किसानों और बुनकरों की कला और परिश्रम को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाने में मदद मिलती है। उन्होंने सभी आयोजकों को इस प्रयास के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पहल भारतीय खानपान और वस्त्र उद्योग को एक नई ऊंचाई पर ले जाने में मदद करेगी और वोकल फॉर लोकल को एक सशक्त दिशा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को इस पहल में शामिल होकर अपने स्थानीय उत्पादों और परंपराओं को प्रोत्साहित करने के लिए आग्रह किया है।

जिन घरों में तीन बहुएं एक साथ खाना बनाती हैं वो घर स्वर्ग होते हैं : मुनि

अशोकनगर। एजेंसी

जिस घर में तीन भाई है और व्यापार सिर्फ एक है, तीन बहुएं एक साथ रहती हो एक किचन में खाना पकाती हो वो घर स्वर्ग होते है, हमको हमेशा अपना घर बड़ा करना चाहिए, हमारी अयोध्या बड़ी करना चाहिए कभी भी राम और लक्ष्मण का बंटवारा नहीं करना चाहिए।

राम का व्यक्तित्व हमेशा सहनशीलता वाला था इसलिए वे सारा कुछ अपने भाइयों के लिए छोड़ कर चले गए। यह बात रविवार को मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने तूमैन में प्रवचन देते हुए कही। उन्होंने कहा कि जब राम सेतु का निर्माण चल रहा था तब राम जी को लगा कि उनको भी कोई कार्य करना चाहिए तो वे हनुमान जी के पास गए तो उन्होंने कहा हम भी कुछ कार्य करना चाहते है तब उन्होंने एक पत्थर पर राम लिखा और समुद्र में फेंका तब वह पत्थर समुद्र में डूब गया तब राम जी ने पूछा कि आप फेक रहे तो पत्थर तेर रहा और में फेक रहा तो डूब रहा तब हनुमान ने कहा कि आप जिसको छोड़ते है तो वो तिर जाता है और हम छोड़ रहे है तो वो तेर रहा है।

घर से गहने चुराने की आरोपी नौकरानी गिरफ्तार

फरीदाबाद। घर से आभूषण चोरी करने की आरोपी नौकरानी को पुलिस चौकी सेक्टर-21डी की टीम ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अनिल निवासी सेक्टर-21डी ने एक शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि 12 दिसंबर की रात वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गया था। घर पर नौकरानी रामा देवी निवासी गांव बसंतापुर जिला पिलीभीत उत्तर प्रदेश को छोड़कर गए थे। जब घर आए तो देखा कि अलमारी के लॉक टूटे हुए थे और नकदी तथा आभूषण चोरी हो चुके थे, जिसके संबंध में थाना एनआईटी में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी टीम ने अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यम से महिला आरोपी को गांव आदमपुर जिला बडौत उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। महिला आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि अभी 20 नबम्बर को नौकरी पर आई थी। उसने लालच में आकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

महाभियोग पर महासंग्राम, सत्तारूढ़ पार्टी के नेता हून का इस्तीफा

सियोल। एजेंसी

दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद महासंग्राम मचा हुआ है। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) में आंतरिक संघर्ष तेज हो गया है। इस सबके बीच पीपीपी प्रमुख हान डोंग-हून ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति येओल पुलिस के सवालों का जवाब देने से कतरा रहे है। राष्ट्रपति कार्यालय और उनके आवास ने समन देने गए पुलिस अधिकारियों को खाली हाथ लौटा दिया। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, येओल के खिलाफ शनिवार को नेशनल असेंबली में महाभियोग प्रस्ताव पारित हो चुका है।

पीपीपी नेता हान डोंग-हून ने सोमवार को कहा कि आंतरिक संघर्ष के बीच अपना पद छोड़ रहे हैं। बताया गया है कि 12 पीपीपी सांसदों ने संभवतः अपनी पार्टी लाइन से हटकर विपक्षी दलों के महाभियोग प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। हून ने कहा मैं पीपुल्स पावर पार्टी के नेता के रूप में पद छोड़ रहा हूं। पार्टी की सर्वोच्च परिषद के पतन के कारण पार्टी प्रमुख के रूप में मेरे कर्तव्यों का पालन करना असंभव हो गया है। हान ने मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा के बाद हुई अराजकता के लिए माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें महाभियोग का समर्थन करने के अपने फैसले पर कोई पछतावा नहीं है।

नेपाल सरकार ने ईसाई मिशनरी से जुड़े 23 आईएनजीओ के लिए 600 करोड़ मंजूर किए

काठमांडू। एजेंसी

नेपाल सरकार के समाज कल्याण परिषद ने ईसाई धर्म से जुड़े 23 अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों को विभिन्न कार्यक्रम चलाने के लिए 600 करोड़ रुपये से अधिक बजट को मंजूरी दे दी है। नेपाल में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय एनजीओ अपने बजट को समाज कल्याण परिषद से अनुमोदित होने के बाद ही खर्च कर सकते हैं। इस समय 135 आईएनजीओ समाज कल्याण परिषद में पंजीकृत है। इनमें से ईसाई मिशनरी से जुड़े 23 आईएनजीओ ने चालू वित्तीय वर्ष में नेपाल में 225 करोड़ रुपये विदेशी दाताओं से बजट भी मंगवा लिया है। समाज कल्याण परिषद के मुताबिक ईसाई आईएनजीओ ने इस साल नेपाल में 603 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को मंजूरी दी है। ये सारा पैसा नेपाल की बजट व्यवस्था के बाहर से खर्च किया जाएगा। इस विषय पर समाज कल्याण मंत्री नवल किशोर साह ने कहा कि नेपाल के संविधान में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में धर्मांतरण कराने को गैर कानूनी घोषित किया गया है, इसलिए धार्मिक आधार पर यह स्वीकृति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और जीवन स्तर को सुधारने के लिए किसी भी आईएनजीओ को विदेश से पैसा लाने की स्वीकृति दी जाती है।

समाज कल्याण परिषद के अनुसार इस समय नेपाल में ईसाई मिशनरी से जुड़े आईएनजीओ में एडवेंटिस्ट डेवलपमेंट रिलीफ एजेंसी, वर्ल्ड विजन इंटरनेशनल, स्ट्रोमा फाउंडेशन, किंडरनोथिल्फ नेपाल, सीबीएम नेपाल, चाइल्ड फंड, डॉन चर्च एड, फिनिश इवेंजेलिकल लूथरन मिशन, एफआईडीए इंटरनेशनल, फिनिश चर्च एड फाउंडेशन, हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंटरनेशनल संस्थाओं ने विदेश से करोड़ों रुपए का दान स्वीकार किया है। इसी तरह इंटरनेशनल नेपाल फेलोशिप, लेटर डी सेंट चैरिटीज, लूथरन वर्ल्ड फेडरेशन, लूथरन वर्ल्ड रिलीफ नेपाल, मर्सी क्रॉप्स, मिशन ईस्ट, नेपाल लेप्रोसी ट्रस्ट, द लेप्रोसी मिशन इंटरनेशनल, यूनाइटेड मिशन टू नेपाल, मेनोनाइट सेंट्रल कमेटी, समर इंस्टीट्यूट ऑफ लिंग्विस्टिक्स इंक, स्ट्रोमा फाउंडेशन और आईएम स्वीडिश हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंटरनेशनल नेपाल का नाम प्रमुख है।

राष्ट्रीय शहीद स्मारक पहुंचे अवामी लीग के सात नेता हिरासत में

ढाका। बांग्लादेश में विजय दिवस पर सोमवार को राष्ट्रीय शहीद स्मारक से अवामी लीग के सात नेताओं और कार्यकताओं को दोपहर करीब 12:30 बजे शहीद बेदी के पास हिरासत में ले लिया गया। यह राष्ट्रीय स्मारक राजधानी ढाका से लगभग 35 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम के सावर में स्थित है। यह लोग पुष्पांजलि अर्पित करने गए थे। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार आशुलिया पुलिस स्टेशन के प्रभारी अबू बक्कर सिद्दीकी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में ढाका जिला अवामी लीग के पूर्व महासचिव और ढाका जिला परिषद के अध्यक्ष और ढाका-19 निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सांसद मिल्टन महबुबुर रहमान शामिल हैं। अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अनुसार ढाका-19 निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ताओं का एक समूह महबुबुर रहमान के नेतृत्व में वहां गया था। वहां मौजूद ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा और अशुलिया पुलिस के अधिकारियों ने सात लोगों को हिरासत में ले लिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस की लाठियां खाने पर मजबूर है नौजवान : नेता प्रतिपक्ष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में तेजी बढ़ रही बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों के लिए बेहाल नौजवानों को पेपर लीक का दंश झेलना पड़ रहा है। सड़क पर प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस की लाठियां नौजवान खाने पर मजबूर है। सड़क एवं नल से जल होने का केवल दावा किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल किसानों के हितों की केवल बात करने और फसलों की एमएसपी के वायदे करती है। किसानों पर प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने एकत्रित हुए समाजवादी पार्टी के विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों ने हाथों में आरोपों की तख्तियां लेकर नारेबाजी की।

सीरिया में जड़े जमाने की कोशिश में हमला, 88 लोगों की जान ली

दमिश्क। एजेंसी

सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद शासन के पतन के बाद आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) जड़े जमाने की कोशिश कर रहा है। इस्लामिक स्टेट ने पूर्वोत्तर सीरिया में गतिविधियां तेज कर दी है। आतंकी समूह के हमले में कम से कम 88 लोग मारे गए हैं। अरबी न्यूज बेवसाइट '+963' के अनुसार, सैन्य सूत्रों ने रविवार को कहा कि मौजूदा स्थिति का फायदा उठाते हुए आईएसआईएस ने पूर्वोत्तर सीरिया के इलाकों में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। आतंकी संगठन ने पिछले दिनों इस क्षेत्र में कई हमले किए। इन हमलों केवल 24 घंटों में 88 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। बहुत से लोग लापता हैं। साथ ही आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट अब अपने लड़ाकों को फिर सक्रिय कर रहा है। वह अराजकता और विभिन्न दलों के बीच चल रहे संघर्षों का फायदा उठाने की रणनीति पर काम कर रहा है। आईएसआईएस ने अपने कुछ महत्वपूर्ण सामरिक ठिकानों का पुनर्निर्माण किया है। '+963' की खबर के अनुसार सीरिया के भविष्य को लेकर जॉर्डन के अकाबा में अरब मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन में इस विषय पर चर्चा की गई। आधिकारिक बयानों में सीरिया की एकता को बरकरार रखने वाले एक आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

बैंक खातों को आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगाः जगदीश देवड़ा

भोपाल। एजेंसी

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा का सत्यापन आईएफएमआईएस के तहत समग्र आईडी से सत्यापित किया जायेगा। साथ ही शासकीय सेवकों का वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से होगा।

सत्यापन का कार्य सोमवार से प्रारंभ हो चुका है। इस व्यवस्था में सभी शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वे आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करना सुनिश्चित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। जनसंपर्क अधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया कि एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना होगा। कर्मचारियों के वेतन प्राप्त करने वाले बैंक खातों को भी आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शासन के समस्त विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्प्लाई प्रोफाइल में हो जाये। आईएफएमआईएस अंतर्गत बजट नियंत्रण अधिकारी/आहरण संवितरण अधिकारियों की लॉगइन पर मॉनिटरिंग हेतु रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी।

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के डाटा के समग्र आईडी से सत्यापन कार्य के प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी के प्रविष्टि की कार्यवाही की जाना है। द्वितीय चरण में मानदेय/संविदा/दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों का भी सत्यापन एवं आधार से लिंक किया जायेगा।

सहयोग

राज्यपाल ने 75वें टी.बी. सील का विमोचन कर कार्यक्रम को किया संबोधित

टी.बी. को हराने के लिए भरपूर जोश और शक्ति के साथ करना होगा कार्य : पटेल

- प्रधानमंत्री मोदी के पहले शिक्षा और स्वास्थ्य बातों का विषय होते थे

भोपाल। एजेंसी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि टी.बी. को हराने और देश को जिताने के लिए भरपूर जोश और शक्ति के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने टी.बी. उन्मूलन अभियान में योगदान के लिए नागरिकों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि निक्षय मित्र योजनाओं में पांच सौ, हजार रुपए का योगदान किसी के प्राणों की रक्षा कर सकता है। जनता के प्राणों की रक्षा के उद्देश्य के भाव के साथ टी.बी. सील अभियान में सहयोग करें। राज्यपाल पटेल सोमवार को क्षय भवन में आयोजित 75वें टी.बी. सील विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 75वीं टी.बी. सील का विमोचन किया। प्रतीकात्मक रुप से टी.बी. के 5 रोगियों को फूड-बास्केट प्रदान की। टी.बी. चैम्पियन और दो निःक्षय मित्रों का सम्मान किया।

राज्यपाल का कार्यक्रम में शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। विमोचन कार्यक्रम में मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि टी.बी. के बारे में जानकारियों का प्रसार रोग उन्मूलन की प्राथमिक आवश्यकता है। उन्होंने सूदूर अंचलों और वंचित क्षेत्रों में टी.बी. रोग के बारे में जन जागरण के प्रयासों पर बल दिया है। कहा है कि सामुदायिक स्तर पर संवाद कायम किया जाए। रोग के लक्षणों से हर घर को परिचित कराए। बताए कि रोग को छिपाना जानलेवा होगा।

रोग की शीघ्र जांच, नियमित दवाइयों का सेवन और विटामिन युक्त पोषण आहार से गम्भीर से गम्भीर टी.बी. रोगी स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने कहा कि टी.बी. रोगियों के साथ ही रोग बचाव के संबंध में परिजनों और परिचारकों को भी सूचित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रोग उपचार के साथ रोग बचाव पर भी ध्यान केन्द्रित करने की जरुरत है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि उज्ज्वला गैस योजना मोदी के जनजातीय क्षेत्रों के भ्रमण के अनुभवों से टी.बी. रोग उन्मूलन की पहल है। उन्होंने बताया कि एक समय के भोजन के लिए रसोई के चूल्हें से निकलने वाला धुआँ 60 सिगरेटों के धुंए के बराबर घातक होता। इस धुंए से माताओं, बहनों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला योजना की परिकल्पना की थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष, नगर निगम भोपाल किशन सूर्यवंशी ने अध्यक्ष निधि से टी.बी. चिकित्सालय के पेवलिंग का कार्य कराने आश्वासन दिया।

एसोसिएशन को 1 लाख रुपए के अनुदान दिलाने की बात भी कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पहले शिक्षा और स्वास्थ्य बातों का विषय होते थे। केन्द्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड बनाकर, इसे सरकार का काम बना दिया है। आज सरकार समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक, मानसिक रुप से स्वस्थ एवं खुशहाल रखने के लिए 70 वर्ष की आयु से अधिक के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड दे रही है।

प्रो. मोहम्मद यूनुस ने किया राष्ट्रीय आम सहमति आयोग के गठन का ऐलान

ढाका। एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को राष्ट्रीय आम सहमति आयोग के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस आयोग में मौजूदा सुधार आयोगों के प्रमुख शामिल होंगे। साथ ही अगला आम चुनाव 2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में कराना संभव हो सकता है।

बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने विजय दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे राष्ट्र के नाम संबोधन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार ने छह सुधार आयोगों का गठन किया है। उम्मीद है यह आयोग जल्द ही अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेंगे। यूनुस ने कहा कि अब देश छह आयोगों के अध्यक्षों के साथ एक राष्ट्रीय आम सहमति आयोग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों से परामर्श के बाद सिफारिशें तैयार करेगा। नए आयोग का पहला काम आम चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णयों पर शीघ्रता से आम सहमति स्थापित करना होगा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 17 दिसंबर 2024
E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

सुकून और सुंदरता
का एक ही नाम सफेद

- विज्ञान ने भी साबित किया है कि गर्मियों में हल्के सुहाने रंग राहत और सुकून पहुंचाते हैं। और यदि तेज, चुभती धूप में कपड़ों का रंग सफेद हो तो... ये बिल्कुल जादू की तरह काम करता है। देखकर सुकून का आभास होता है।
- सफेद लिबास के साथ अवचेतन में इतनी शुभ्रता, शुचिता, सुकून के अहसास जुड़े हैं कि सफेद गाउन में सजी कोई युवती पहली नजर में परियों-सी लगती है। हम जब भी खूबसूरती, मासूमियत और अलौकिकता की साझी कल्पना करते हैं तो दिलो-दिमाग में सफेद वस्त्रों में सजी परियां थिरक उठती हैं। बहरहाल, जिन देशों में मार्च के कदम रखते ही गर्मी भी दस्तक देने लगती है, वहां खिलखिलाती धूप और बेचैन करने वाली तपिश के दिनों में फैशन और सुकून का एक ही रंग दिखता है, सफेद।
- साल 2012 का प्रतिनिधि रंग कोई भी हो, दहलीज पर गर्मी के कदम पड़ते ही सफेद रंग की हुकूमत चारों तरफ दिखाई देने लगती है। यह महज संयोग नहीं है कि हर साल स्प्रिंग कलेक्शन यानी बसंत ऋतु में होने वाले फैशन सप्ताहों में सफेद रंग की बादशाहत दिखती है। गर्मियों में हल्का-फुल्का, ढीला-ढाला और कैजुअल कुछ भी पहन सकते हैं। चाहे बीच पार्टियां हों, चाहे किसी के जन्मदिन की पार्टी- सफेद हर जगह शानदार लगता है, गरिमामय लगता है। सफेद लिबास के साथ एक और सुविधा है। आप कई तरह की एक्सेसरीज पहन सकते हैं। बहुत कम ऐसे मौसम होते हैं जिनका कोई प्रतिनिधि रंग हो, लेकिन गर्मी का अपना प्रतिनिधि रंग है, सफेद। इन दिनों भड़कीले या बहुत धुंधले (डल) रंग न दिल को भाते हैं न आंखों को। सिर्फ अपने तन में ही नहीं, दूसरों पर भी इन दिनों सफेद रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।
- लड़कियों में सफेद कुर्ते, सफेद टॉप, सफेद गाउन कुछ इस तरह खिलते हैं, जैसे वाकई ये उजली-उजली परियां हों। एक फायदे की बात यह है कि आज सफेद रंग में हर तरह की एक्सेसरीज आसानी से मैच करती है।
- आप सफेद टॉप के साथ नीली जींस का क्लासिक कॉम्बिनेशन इस्तेमाल कर सकते हैं तो आमतौर पर काले को छोड़कर (...और वो भी इसलिए, क्योंकि काला रंग रोशनी को सोखता है, इसलिए इन दिनों बेचैन करता है)। कोई भी रंग सफेद के साथ मैच कर जाता है यानी सफेद के साथ कॉम्बिनेशन बनाने में आपको कतई परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती है।
- इसकी रसायनिक विशिष्टता तो यह है कि यह आंखों का सुकून और दिल को ठंडक पहुंचाता है। यह हमारी तमाम उग्रता को ठंडा कर देता है।
- सफेद महज रंग नहीं है, यह पूरी संस्कृति है। यह एक पूरी सभ्यता है इसलिए सफेद रंग जितना बिलबिलाती गर्मी से सुकून देता है, वैसे ही बेचैन करने वाली भावनाओं के मामले में भी सुकून पहुंचाता है। यही कारण है कि दुनियाभर में बच्चों की मासूमियत को उभारने के लिए उन्हें उसके साथ जोड़कर देखने के लिए ज्यादातर स्कूलों की यूनिफॉर्म सफेद होती है।
- सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। जब फिजा में आतिशी हवा के झोंके हों, कपड़े बेचैन करते हों, भला उस समय भड़कीले रंग किसे अच्छे लगते हैं यही वजह है कि पश्चिम से लेकर पूरब तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मियों में सफेद लिबास का जलवा दिखता है।
- डॉक्टर सफेद कोट पहनते हैं, क्योंकि वे यह बताना चाहते हैं कि यह रंग ईमानदारी, पवित्रता और ईश्वरीयता का प्रतिनिधि है।
- सफेद रंग के साथ कई फायदे हैं- भावनात्मक, कुदरती और सामाजिक भी। इसकी सामाजिकता में भी समरसता है। यही कारण है कि सफेद रंग सबको भाता है, सब पर फबता है चाहे सेलिब्रिटीज पहन लें या फिर कोई आम आदमी। सबको यह रंग आकर्षित करता और सब पर यह रंग आकर्षक लगता है। ऐसा नहीं है कि हम सफेद कपड़े कभी भी पहन सकते हैं।
- वाकई सफेद सदाबहार रंग है और इसके इतने विस्तृत आयाम हैं कि अगर आपने कई जोड़ी यानी जरूरत से ज्यादा भी इन दिनों सफेद कपड़े खरीद लिए हैं तो आपको सर्दियों के कपड़ों की तरह संदूक में साल के बाकी महीनों के लिए नहीं रखने पड़ेंगे। आप इन्हें लगातार पहन भी सकते/ सकती हैं। सफेद रंग के साथ आप अपनी चाहतों के सभी रंगों की एक्सेसरीज पहन सकती हैं। सफेद रंग कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। यह हमेशा खूबसूरत और ट्रेंडी लगता है।
- गर्मियों में सफेद टी-शर्ट और टॉप के जलवे देखते ही बनते हैं। मर्लिन मुनरो आज भी चेतन-अवचेतन में अगर किसी परी की तरह कैद हैं तो उसी सफेद ड्रेस में। गर्मियों में तमाम सेलिब्रिटीज सफेद रंग में ही नजर आते हैं तो आप क्यों न नजर आएं। इसलिए अगर सीजन की खरीदारी करने के लिए निकलना है तो अपनी सूची में सफेद कपड़ों के लिए जगह बना लीजिए, आखिर इन गर्मियों में परियों की तरह जो लगना है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है, अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

कैसे शुरू करें बच्चों की
बेड टाइम ट्रेनिंग

आज की लाइफ स्टाइल पहले की लाइफ स्टाइल से बहुत अलग है। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट ने हमारी जिंदगी में जितनी चीजें आसान बना दी हैं, उतना ही हम व्यस्त भी हो गए हैं। अगर आपके बच्चे का प्री-स्कूल जाने का समय आ गया है और उसका अभी भी रात में सोने का कोई निर्धारित समय नहीं है तो यह आपके लिए एक समस्या का कारण हो सकता है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है। अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

नींद पूरी न होने से बच्चे के मस्तिष्क का पूरा विकास नहीं हो पाता। क्या आप अपने बच्चे के स्कूल की शुरुआत ऐसे करना चाहेंगे? इसलिए शुरू से उसे बेड टाइम ट्रेनिंग की आदत डालनी चाहिए।

यह ठीक उसी तरह है जिस तरह हमारी मां हमें सोने से पहले अपनी लोरियां सुनाती थीं। आइए जानें कुछ ऐसी बातें जिससे हम अपने बच्चे को ट्रेंड कर सकते हैं बेड टाइम ट्रेनिंग के लिए-

1. बेड टाइम ट्रेनिंग आप 4 से 5 माह के बच्चे के साथ कर सकते हैं। शुरुआत में आपको थोड़ी समस्या जरूर होगी लेकिन बाद में यह बहुत मददगार साबित होगी। बच्चे को सुलाने से पहले आप उनकी हल्की-हल्की मालिश कीजिए। गुनगुने पानी से उनका मुंह-हाथ धोएं (स्पंज करना)।
2. उनके कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। एक समय पर कमरे की लाइट्स बंद कर दें। ऐसा करके आप उन्हें सिग्नल दे रहे हैं और बेड टाइम के लिए तैयार कर रहे हैं।
3. बच्चों को कोई गाना, सॉफ्ट म्यूजिक सुनाएं। लाइट बंद करने से पहले आप बच्चों को पिक्चर बुक्स भी दिखा सकती हैं। ऐसा करने से बच्चों को बुक्स पढ़ने की आदत पड़ती है।
4. सोने से पहले भगवान का कोई सा मंत्र भी सुना सकती हैं। कुछ बच्चों को अपना मनपसंद खिलौना लेकर सोना भी अच्छा लगता है। बच्चों को सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनना बहुत अच्छा लगता है और उसे सुनने से उनके दिमाग का विकास भी होता है इसीलिए तो बरसों से चलता आ रहा लोरी का एक अपना ही महत्व है।
5. छोटे बच्चे (6 माह से 1 साल के बीच) रात में दूध के लिए जरूर उठते हैं। धीरे-धीरे उसका भी एक समय बनाते जाएं जिससे बच्चा और आप दोनों अच्छे से अपनी नींद पूरी कर सकें।
6. जैसे-जैसे बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है, आप उसे बेड में जाने से पहले मुंह-हाथ धुलाकर ब्रश करना सिखाएं। कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। सोने से पहले उन्हें दूध जरूर दें। उन्हें उनका मनपसंद खिलौना दें।
7. उन्हें किताब से कहानी सुनाएं। शुरुआत में तो बच्चे को टाइम देना आवश्यक है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे को जब इस टाइम टेबल की आदत हो जाएगी तो आपके और बच्चे दोनों के लिए ही बहुत लाभदायक होगा।
8. शाम को उसे कोई हॉबी क्लास या बगीचे में घूमने के लिए ले जाएं जिससे बच्चा अपना समय टीवी और लैपटॉप में न देकर खेले-कूदे और थक जाए। ऐसा करने से उसे नींद अच्छी आएगी और जल्दी आएगी।

कोशिश करें कि धीरे-धीरे उसे अपने आप टाइम से बेड पर जाने की आदत हो जाए ताकि आप भी अपने आपको कुछ समय दे सकें।

ऐसे करें अपने बच्चे को प्री-स्कूल भेजने की तैयारी

अपने बच्चे को प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी भेजना बहुत बड़ा कदम है और यह टेंशन भी पैदा करता है। यहां गाइड आपको बताएंगे कि आप क्या उमीद रखें, जब आप अपने बच्चे को पहली बार स्कूल लेकर जाएं।

1. अपने बच्चे से प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी के बारे में बात करें, उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप उसे अपने से दूर नहीं भेज रही हैं। उनसे उनके व्यहवार के बारे में बात करें और मूल बातें सिखाएं।
2. स्कूल के पहले दिन के लिए क्या-क्या आवश्यक है, इस बारे में पता करें- जैसे पढ़ने का समय, नाश्ते का समय आदि ताकि आप उन्हें समझा सकें कि स्कूल से वे क्या उम्मीद रखें।
3. स्कूल की जरूरत की चीजें खरीदने में मजा लाएं जैसे आपके बच्चे के पसंदीदा कार्टून की पेंसिल खरीदें, अपने बजट का ध्यान रखें।
4. एक रात पहले उनसे पूछें कि स्कूल को लेकर उनके मन में क्या सवाल हैं?
5. उन्हें स्कूल छोड़ने जाएं और जब स्कूल खत्म हो तब स्कूल के बाहर उनका इंतजार करें।
6. अपने बच्चे की टीचर से हर रोज बातचीत करते रहें, उनसे समय-समय पर मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी लें। इससे आपके बच्चे को स्कूल में नई सफलता मिलने लगेगी। पता करें कि आप ऐसा क्या कर सकती हैं, जिससे आपके बच्चे और उसकी टीचर को मदद मिले।
7. अपने बच्चे से रोज पूछें कि उसने स्कूल में क्या किया? आपके बच्चे को पता होना चाहिए की स्कूल कितना जरूरी है।

लगभग 96 प्रतिशत महिलाएं दिन में एक बार किसी-न-किसी बात पर अपराध बोध महसूस करती हैं। वो कौन-सी बातें हैं, जिनके लिए हम खुद को दोषी ठहराती हैं और क्या है इस अपराध बोध से निकलने का तरीका।

पछताना छोड़ें
खुश रहना सीखें

क्या दिन में कम-से-कम एक बार आप इस बात का अफसोस जताती हैं कि मेरा वजन जरूर बढ़ गया है या फिर आज फिर से घर की सफाई को अधूरा छोड़कर मैं ऑफिस आ गई। अगर इन सब सवालों का जवाब हां में है, तो घबराएं नहीं। अधिकांश महिलाओं का यह स्वभाव होता है। पर परेशानी की बात यह है कि हर चीज के लिए खुद को दोषी ठहराने की हमारी आदत धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती जाती है। हर बिगड़े हुए काम के लिए खुद को लगातार दोषी ठहराने की आपकी यह आदत आपको अवसाद के घेरे में भी ले सकती है। बेहतर तो यह होगा कि इन अवसादों से उबरने का तरीका आप सीख लें।

बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाती

अधिकांश काम-काजी मां का यह मानना होता है कि वे ऑफिस की अपनी जिम्मेदारियों और बच्चों की जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। पर सवाल यह है कि ऑफिस में रहकर बच्चों को वक्त न दे पाने का अफसोस जताने से न तो बच्चों के साथ आप वक्त बिता पा रही हैं और न ही ऑफिस की जिम्मेदारियों को पूरा करने में आप अपना 100 प्रतिशत दे पाएंगी। इस समस्या का एकमात्र हल यह है कि आप जो भी काम वर्तमान में कर रही हैं, उसे अपना 100 प्रतिशत दें। अगर ऑफिस में हैं तो वहां की जिम्मेदारियां पूरी तन्मयता से पूरी करें और अगर घर पर हैं तो बच्चों को पूरा वक्त दें।

वजन कम ही नहीं कर पा रही

70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कभी-न-कभी डाइटिंग करती हैं, बावजूद इसके कि उन्हें वजन कम करने की जरूरत हो या नहीं। अगर आप वाकई स्लिम और खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो इस दिशा में आपको गंभीर प्रयास करना होगा। नियमित एक्सरसाइज करें या फिर जिम जाने के लिए वक्त निकालें। साथ ही इस बात को स्वीकारें कि वजन कम करना या फिर बढ़ाना आप पर पूरी तरह से निर्भर करता है, इसलिए खुद को दोष देने की जगह इस दिशा में प्रयास करें।

शॉपिंग में कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च कर दिए

हर महिला को शॉपिंग करने में मजा आता है, पर कई लोग ढेर सारे शॉपिंग बैग के साथ घर लौटने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त हो जाते हैं। पर आपको यह समझना होगा कि जब परिवार के अन्य सदस्यों पर खर्च करने से आपको किसी तरह का अपराध बोध नहीं होता, तो फिर खुद पर खर्च करने के बाद पछतावा क्यों? दूसरी बात यह भी है कि अगर आप शॉपिंग के दौरान खरीदे गए सामानों पर गौर करेंगी, तो पाएंगी कि आप सिर्फ उन्हीं चीजों पर खर्च कर रही हैं, जिसकी आपको वाकई जरूरत है।

कभी टाइम पर नहीं पहुंच पाती

कभी-कभार, स्थिति ऐसी पैदा हो जाती है कि लाख कोशिशों के बावजूद हम वक्त पर नहीं पहुंच पाते हैं। कभी-कभी हमारी इमेज ही लेट-लतीफ वाली बन जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि हम अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। ऑटो या बस में बैठकर और जाम में घंटों फंसे रहकर इस बात का अफसोस करने से कोई फायदा नहीं है कि आप लेट पहुंचने वाली हैं। कभी-कभार अपनी गलती के बिना भी आप किसी मीटिंग में देर से पहुंच सकती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए खुद को दोष देना बंद करें।

खुद के लिए वक्त नहीं मिलता

सुपर वुमेन बनने की चाहत या मजबूरी के चलते महिलाओं को अक्सर खुद के लिए ही वक्त नहीं मिलता। फिर धीरे-धीरे शुरू होता है इस बात का अफसोस कि अपनी मनपसंद किताब पढ़े सालों बीत गए या फिर पार्लर जाने के लिए वक्त ही नहीं मिलता। पर आपको इस बात को समझना होगा कि कभी-कभार कुछ ना करना भी जरूरी है ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बन सकें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (* पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741